

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 '120 बहादुर' की रिलीज डेट से उठा पर्दा

P8 पीएम मोदी ने किंग चार्ल्स से की बातचीत

## न्यूज़ ब्रीफ

### हनीमून डेस्टिनेशन विवादः ससुर ने दामाद पर फेंका तेजाब

**ठाणे।** ठाणे में ससुर ने अपने दामाद पर एसिड अटैक किया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच हनीमून डेस्टिनेशन को लेकर विवाद हुआ था। यह घटना बाजारपेठ थाना क्षेत्र में हुई। इस मामले में इबाद अतीक फलके गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक पीड़ित इबाद ने हाल ही में शादी की थी। वो पत्नी के साथ हनीमून के लिए कश्मीर जाने का प्लान कर रहा था। जबकि उनका ससुर जाकी गुलाम मुर्तजा खोटल (65) चाहते थे कि दंपति विदेश में किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करें। इस बात को लेकर दामाद और ससुर के बीच विवाद हो गया। बुधवार रात जब फलके घर लौटकर अपनी गाड़ी पार्क कर रहे थे, तभी उनके ससुर खोटल ने तेजाब फेंककर उन पर हमला कर दिया। उन्हें तुरंत ही नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। इस हमले में फलके के चेहरे और शरीर पर चोटें आईं।

### NCP भी लड़ेगी दिल्ली चुनाव

**नई दिल्ली।** आने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) भी अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इस बारे में पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने गुरुवार को बताया कि NCP 25 सालों से दिल्ली में चुनाव लड़ती आ रही है, और इस बार भी लड़ेगी। हालांकि उन्होंने सीटों की संख्या को लेकर कुछ नहीं कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि वे दिल्ली चुनावों में एनडीए के साथ गठबंधन को लेकर बात जरूर करेंगे, लेकिन ना होने पर अकेले भी चुनाव लडेंगे।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

# दिल्ली से मुंबई तक हाई वॉल्टेज ड्रामा

संसद-परिसर में धक्का-मुक्की, भाजपा सांसद सारंगी घायल

राहुल पर हत्या की कोशिश का केस, राहुल ने कहा- भाजपा सांसदों ने मुझे धमकाया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच गुरुवार को हाई वॉल्टेज ड्रामा देखने को मिला। बाबा साहेब के अपमान को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच टकराव इस कदर बढ़ गया कि मामला पुलिस स्टेशन तक जा पहुंचा। दोनों पार्टियों ने संसद के बाहर कथित हाथापाई के बाद एक-दूसरे पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भाजपा की तरफ से लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों को धक्का मार कर घायल करने की घटना पर साथी सांसदों बांसुरी स्वराज व हेमांग जोशी के साथ संसद मार्ग थाने में राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई।

#### कांग्रेस सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत दर्ज कराई

वहीं, कांग्रेस ने भी भाजपा के नेताओं के खिलाफ गुरुवार को संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि भाजपा नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दुर्व्यवहार किया। दिग्विजय सिंह, मुकुल वासनिक, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी सहित कांग्रेस सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने व्यक्तिगत रूप से शिकायत दर्ज कराई।

### बाबासाहेब आंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर मचा है बवाल



उल्लेखनीय है कि मंगलवार को संसद में अमित शाह की टिप्पणी को लेकर टकराव शुरू हो गया, जहां उन्होंने कांग्रेस पर बार-बार बी.आर. आंबेडकर का अपमान करने पर निशाना साधा। राज्यसभा में अपने भाषण में शाह ने कहा, 'अगर उन्होंने भगवान का नाम इतनी बार लिया होता, तो उन्हें स्वर्ग में जगह मिल जाती।' विपक्ष ने जोरदार तरीके से इसकी निंदा की। जबकि भाजपा ने कहा कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।

### मुंबई कांग्रेस दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




मुंबई में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की। दरवाजे और खिड़की के शीशे तोड़ डाले। कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे सोनिया, राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्टर पर काला रंग फेंका। पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए पहले उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हिंसक होता देख लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हुए। तोड़फोड़ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। उनका कहना था कि अंबेडकर का अपमान अमित शाह ने नहीं, बल्कि कांग्रेस ने किया है।

# 'अजित पवार एक दिन बनेंगे मुख्यमंत्री'

## 'परमानेंट डिप्टी सीएम' को देवेंद्र फडणवीस ने दीं शुभकामनाएं

अजित पवार ने 5 दिसंबर को छठी बार ली थी महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पद की शपथ | देश में कोई नेता नहीं हो पाया इतनी बार डिप्टी सीएम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम अजित पवार को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने गुरुवार को शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में अजित पवार से कहा कि आज एक दिन जरूर सीएम बनेंगे। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। आपको स्थायी डिप्टी सीएम कहा जाता है। लेकिन आप सीएम बनेंगे। वह नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में अपने संयुक्त संबोधन के लिए राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर विधान सभा में बहस का जवाब दे रहे थे।



#### 'मैं और दोनों डिप्टी सीएम 24X7 काम करेंगे'

इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कि वे और उनके दोनों डिप्टी सीएम 24X7 घंटे शिफ्ट में काम करेंगें। उन्होंने कहा कि अजित पवार सुबह काम करेंगे क्योंकि वह जल्दी उठते हैं। मैं दोपहर 12 बजे से आधी रात तक काम करूंगा। वहीं, शिंदे की ओर इशारा करके सीएम देवेंद्र ने कहा कि वे पूरी रात ड्यूटी पर रहते हैं। आप सभी जानते हैं कौन। शिंदे जी देर तक काम करने के लिए जाने जाते हैं।

फॉलो अप

### मरने वालों की संख्या 14 हुई

**नाव हादसा**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई में बुधवार को गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नाव के डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। गुरुवार को 43 साल के व्यक्ति की बॉडी दुर्घटनाग्रस्त बोट के मलबे के पास मिली। मृतकों में 4 नेवी कर्मी और 10 सिविलियंस थे। सभी 14 शवों की पहचान हो गई है। मुंबई पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने 2 घायलों समेत 98 लोगों को बचा लिया है। इनमें दो जर्मन और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। 7 साल के एक बच्चे की तलाश अब भी जारी है। नौसेना का हेलिकॉप्टर और कोस्टगार्ड की 8 नावें बच्चे की तलाश में जुटी हैं।

### 'महाराष्ट्र विदेशी निवेश में नंबर वन'

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नागपुर में विधानसभा में कहा कि महाराष्ट्र विदेशी निवेश में नंबर वन है। देश में जितना विदेशी निवेश हुआ है, उसका 49 फीसदी अकेले महाराष्ट्र में विदेशी निवेश हुआ है। महाराष्ट्र कल भी नंबर वन था, आज भी नंबर वन है और कल भी नंबर वन रहेगा। महाराष्ट्र के साथ कोई मुकाबला नहीं कर पायेगा। सीएम फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास योजनाएं किसी भी कीमत पर नहीं रुकेंगी और चुनाव पहले किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा।




# ऑटो स्पेयर पार्ट्स गोदाम में भीषण आग

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**

गुरुवार दोपहर महाराष्ट्र के डोंबिवली पूर्व में स्थित एक ऑटो स्पेयर पार्ट्स गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।




### घटना का विवरण

यह घटना श्री माउली प्रसन्ना सोसायटी के भूतल पर स्थित सद्गुरु ऑटो स्पेयर पार्ट्स शॉप के गोदाम में हुई। गोदाम में रबर, प्लास्टिक, तेल और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी थी। दोपहर करीब 12 बजे आग लगने की शुरुआत हुई। आग के फैलने से पहले आसपास के दुकानदारों और नागरिकों ने लकड़ी का सामान दुकान से बाहर निकाल लिया, लेकिन गोदाम में आग ने गंभीर रूप ले लिया।

### संभावित कारण और नुकसान

प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। सौभाग्यवश इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### दमकल की कार्रवाई

सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। गोदाम की संरचना और सामान रखने की व्यवस्था के कारण आग बुझाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस दौरान रामनगर पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इमारत के निवासियों को बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड ने दो-तीन घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

# शरद पवार गुट का अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**



संसद में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई कथित टिप्पणी के बाद देशभर में नाराजगी का माहौल है। इसी कड़ी में उल्हासनगर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन कर अमित शाह का विरोध किया।

### माफी की मांग

उल्हासनगर में इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व ओमी पप्पू कालानी, जिला अध्यक्ष पंचम ओमी कालानी, और प्रवक्ता कमलेश निकम ने किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने नेताओं को गिरफ्तार किया, और इस बीच पुलिस हिरासत में सोमनाथ सूर्यवंशी की मृत्यु को लेकर भी आक्रोश प्रकट किया गया। धरना प्रदर्शन में पूर्व नगरसेविका सविता तोरणे, गजानन शेलके, अजय गायकवाड़, मोनू सिद्दीकी, अखलाख खान, पीयूष वाघेला, शोभाताई जाधव, दीपक सोनवणे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने अमित शाह से माफी की मांग करते हुए विरोध को और तेज करने की चेतावनी दी है।

# राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के खिलाफ विभिन्न दलों का विरोध प्रदर्शन

## शराब की अवैध बिक्री पर निष्क्रियता का आरोप

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में राज्य उत्पाद शुल्क विभाग पर अवैध रूप से ढाबों और चायनीज कॉर्नर को लाइसेंस जारी करने और वहां शराब की बिक्री पर कार्रवाई न करने के आरोप लगे हैं।



### विभिन्न दलों का धरना:

राष्ट्रीय छावा संगठन, राष्ट्र कल्याण पार्टी, प्रहार जन शक्ति पार्टी, और अन्य संगठनों ने विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया कि अवैध शराब बिक्री से सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है और अपराधों में वृद्धि हो रही है।

### अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग:

प्रदर्शनकारियों ने संबंधित अधिकारियों को बर्खास्त करने और अवैध ढाबों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### आंदोलन की चेतावनी:

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

### अधिकारियों का आश्वासन:

प्रउत्पाद शुल्क अधीक्षक प्रवीण तांबे ने विरोध को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई का वादा किया। उन्होंने देर रात चलने वाले डांस बार और अवैध होटलों को स्थायी रूप से सील करने का आश्वासन दिया।

# तृतीय पंथ के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुदृढ़ीकरण के लिए यथासंभव मदद करेंगे: आयुक्त

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**



मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कहा कि हम सरकारी योजनाओं के माध्यम से तृतीय पंथ के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुदृढ़ीकरण के लिए यथासंभव मदद करेंगे। यह बात आयुक्त ने गुरुवार को शाम सभाकक्ष में तृतीय पंथ समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में कही। सरकार ने तृतीय पंथियों के लिए नीति घोषित की है और मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ की पहल पर सामाजिक विकास विभाग के उपायुक्त संजय जाधव ने गुरुवार शाम आयुक्त सभाकक्ष में तृतीय पंथियों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में मनपा उपायुक्त स्वाति देशपांडे कुलकर्णी, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला, सामाजिक विकास अधिकारी प्रशांत गवाणकर, तृतीय पंथियों की जिला आइकन और किन्नर अस्मिता संस्था की अध्यक्ष नीता काणे और उनके अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। इस बैठक में आयुक्त ने तृतीय पंथ की कठिनाइयों और समस्याओं के बारे में जाना। तृतीय पंथ के माध्यम से उन्हें स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में मदद करने का अनुरोध किया गया। उस समय लाइट हाउ के माध्यम से तृतीय पंथियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसी तरह, नगर निगम के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से और सरकारी योजनाओं के माध्यम से उनकी यथासंभव मदद की जाएगी और नगर निगम उन तृतीय पंथियों के लिए आधार कार्ड बनाने में सहयोग करेगा जो आधार कार्ड के अभाव में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। आयुक्त द्वारा आश्वासन दिए जाने पर तृतीय पंथियों के चेहरों पर संतुष्टि की मुस्कान देखी गई। चुनाव अवधि के दौरान, नगर निगम के माध्यम से तृतीय पंथियों को चुनाव कार्ड (वोटर आईडी) वितरित किए गए थे। उन्होंने आयुक्त को धन्यवाद दिया। इस बैठक में सामाजिक विकास विभाग के उपायुक्त संजय जाधव ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार की तृतीय पंथी नीति का क्रियान्वयन मनपा द्वारा शुरू किया गया है और जल्द ही मनपा के रंगमंच में तृतीय पंथियों के लिए किन्नर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल की मौजूदगी में शिवसेना कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**भिवंडी।** भिवंडी के वडुनवघर क्षेत्र में शिवसेना (उबाठा गुट) के 25-30 कार्यकर्ता पूर्व केंद्रीय पंचायत राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कपिल पाटिल ने इन कार्यकर्ताओं का भाजपा में स्वागत किया। कार्यक्रम में शिवसेना के प्रमुख कार्यकर्ता प्रकाश पांडुरंग पाटिल के नेतृत्व में कलीराम गंगाराम चिकने, कलीराम चंद्रकांत काबूकर, सुरेश कारभारी, उपशाखा प्रमुख रोहिदास माधवी, और महेश अनंत चौघुले समेत अन्य कई कार्यकर्ता भाजपा का हिस्सा बने। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कपिल पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल्याणकारी निर्णयों और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व को भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा की लोकप्रियता का कारण बताया।

# लोक अदालत से 2 हजार 701 ग्राहकों के लंबित मामलों का निराकरण

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण/भांडुप**



| मंडल कार्यालय | योजनेत सहभागी ग्राहक | थकबाकी भरणा |
|---|---|---|
| कल्याण- एक | ८०२ | ८५ लाख |
| कल्याण- दोन | १,४९४ | २.११ कोटी |
| वसई | २,००७ | २.७१ कोटी |
| पालघर | १,१२४ | ९७ लाख |
| कल्याण परिमंडल | ५,४२७ | ६.६४ कोटी |

भांडुप परिमंडल :-

| मंडल कार्यालय | योजनेत सहभागी ग्राहक | थकबाकी भरणा |
|---|---|---|
| पेण | १,९१५ | ३.२८ कोटी |
| ठाणे | ८६१ | १.३० कोटी |
| वाशी | १,१८१ | ४.६२ कोटी |
| भांडुप परिमंडल | ३,९५७ | ९.२० कोटी |

तालुका स्तर पर 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कल्याण और भांडुप मंडलों में स्थायी बिजली आपूर्ति बाधा और बिजली चोरी के लंबित और प्रलंबित मामलों के 2 हजार 701 मामलों का समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। महावितरण की उपलब्ध छूट का लाभ उठाते हुए संबंधित ग्राहकों ने 6 करोड़ 21 लाख रुपए का भुगतान किया। कल्याण मंडल में बिजली चोरी के साथ-साथ बिजली आपूर्ति के स्थायी विच्छेदन के लंबित और प्रलंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण तरीके से निराकरण करने के लिए लोक अदालत में रखा गया था। उसमें 2 हजार 272 मामलों का समझौता हो सका और 5 करोड़ 70 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसमें कल्याण परिमंडल के कल्याण मंडल एक में 322 मामलों का समझौता किया गया और 80 लाख 68 हजार रुपए की वसूली की गई। कल्याण के दो मंडलों में 1 हजार 18 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कर 3 करोड़ 24 लाख रुपए की वसूली की गई। वसई मंडल में 790 मामलों के निपटारे से 1 करोड़ 53 लाख रुपए वसूले जा सके। इस दौरान पालघर मंडल कार्यालय के अंतर्गत 13 लाख रुपए का भुगतान करने वाले 142 ग्राहकों के मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। भांडुप मंडल के ठाणे मंडल में 18 लाख रुपए का भुगतान करने वाले 261 ग्राहकों के लंबित मामलों का निपटारा किया गया। वाशी मंडल कार्यालय के अंतर्गत 135 मामलों का समझौता कर 30 लाख रुपए की वसूली की गई। इस दौरान पेन मंडल में तीन लाख रुपए का भुगतान करने वाले 33 ग्राहकों के मामलों का मध्यस्थता के जरिए निपटारा किया गया। ठाणे, रायगढ़ और पालघर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से तथा भांडुप मंडल के मुख्य अभियंता सुनील काकड़े और कल्याण मंडल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा के मार्गदर्शन में महावितरण के विधिक विभाग के अधीक्षण अभियंताओं ने लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए।

# संपत्ति कर जमा के लिए छुट्टी के दिन भी खुला रहेगा बिल केंद्र

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**




साल 2024-25 के संपत्ति कर वसूली का अंतिम चरण शुरू हो चुका है। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने करदाताओं की सुविधा के लिए छुट्टी के दिनों में भी बिल केंद्र खुले रखने का निर्णय लिया है। जिन संपत्ति करदाताओं ने अब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, उनके लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने करदाताओं से अपील की है कि वे 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक अपने-अपने वार्ड और उप-वार्ड स्तर पर मौजूद कर बिल केंद्रों में जाकर संपत्ति कर जमा करें। इसके अलावा, मनपा मुख्यालय में भी यह सुविधा उपलब्ध है।

# 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धरे गए राजस्व सहायक

**तहसीलदार कार्यालय में मचा हड़कंप, दर्ज हुई FIR**

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

भ्रष्टाचार का जिन्न लगातार आम आदमी के लिए गले की फांस बना हुआ है। ताजा मामला महाराष्ट्र के कल्याण से सामने आया है जहां एक राजस्व सहायक को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ठाणे भ्रष्टाचार निवारण पथक द्वारा कल्याण तहसीलदार कार्यालय में यह कार्रवाई की गयी है, जमीन खरीदने के बाद सतबारा में रजिस्ट्री करने के लिए रिश्वत मांगी गयी थी। रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए राजस्व सहायक का नाम संतोष पाटिल बताया जा रहा है। संबंधित शिकायतकर्ता ने कल्याण तहसील के रायते गांव में दस गुंटा जमीन खरीदी है। शिकायतकर्ता किसान इस जमीन की साथ 12 नकल और नामांतरण कानूनी रूप से अपने नाम कराने का प्रयास कर रहा था। संबंधित शिकायतकर्ता ने परिवर्तन के पंजीकरण के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और सरकारी दस्तावेज कल्याण तहसील कार्यालय में जमा कर दिए थे।

### प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी मांगी जा रही थी रिश्वत



लेकिन उसके बाद भी तहसीलदार कार्यालय में कार्यरत राजस्व सहायक संतोष पाटिल ने शिकायतकर्ता से सात बारा पर पंजीयन का प्रस्ताव भेजने के लिए 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। इसके लिए आवश्यक सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बावजूद पैसे की मांग की जा रही थी। इसलिए नाराज किसान ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ठाणे में शिकायत की।

### रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ राजस्व सहायक

जब इस शिकायत का सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने किया तो पता चला कि संतोष पाटिल पैसे की मांग कर रहा था। शिकायत के मुताबिक बुधवार शाम को कल्याण तहसील कार्यालय के राजस्व सहायक कक्ष के पीछे एक किसान से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने संतोष पाटिल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने राजस्व सहायक पाटिल के खिलाफ महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में घूसखोरी का मामला दर्ज कराया है। आगे का कार्रवाई की जा रही हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में कितना कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

# न्यू इंडिया इंश्योरेंस मुख्यालय के बाहर धरना आंदोलन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



'पेंशनर दिवस' पर धरना आंदोलन। 17 दिसंबर 2024 को जनरल इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन वेस्ट जोन (GIPA WZ) के माध्यम से न्यू इंडिया इंश्योरेंस मुख्यालय, मुंबई में अपनी उचित मांगों को स्वीकार करने के लिए एक शांतिपूर्ण 'धरना' विरोध प्रदर्शन किया गया। लगभग 100 पेंशनरों ने बहुत ही अनुशासित तरीके से यह 'मौन प्रदर्शन' किया और मांग की कि सरकार उनकी मांगों को स्वीकार करने के लिए तत्काल कदम उठाए। उनकी निम्नलिखित मांगें पिछले कई वर्षों से लंबित हैं।
1) सभी को समान 30 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन मिलनी चाहिए। (LIC और बैंक की ये मांगें मान ली गईं)
2) पेंशन में भी सुधार किया जाना चाहिए। 3) स्टाफ मेडिक्लेम में बदलाव होना चाहिए।
कई वर्षों से, वे एसोसिएशन के माध्यम से बयानों/धरनों और अन्य आंदोलनों के माध्यम से इस मांग को आगे बढ़ा रहे हैं। एसोसिएशन की अपेक्षा है कि सरकार तत्काल संज्ञान लेकर हमारी जायज मांगों को स्वीकार करें।

# मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों पर कुत्ता काटने का इंजेक्शन उपलब्ध

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**



भिवंडी निजामपुर शहर नगरपालिका क्षेत्र में कुत्ते के काटने के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी को देखते हुए, एंटी रेबीज वैक्सीन (ए.आर.वी.) इंजेक्शन अब भिवंडी मनपा और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध हैं। मनपा जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेसी ने जानकारी दी कि प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य के निर्देश पर यह सुविधा सुनिश्चित की गई है। मनपा क्षेत्र में बीजीपी डिस्पेंसरी, सोनपुर मस्जिद, बंगालपुरा और सरकारी इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल में ए.आर.वी. इंजेक्शन उपलब्ध हैं। इसके अलावा, मनपा स्कूल 87, पानी की टंकी के पास, नवी बस्ती स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर भी वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर ने नागरिकों से अपील की है कि कुत्ते के काटने की घटना होने पर तुरंत एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं। साथ ही, अपने आसपास के लोगों को भी इस सुविधा की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें।

# भुसावल मंडल ने गैर-किराया राजस्व में कीर्तिमान स्थापित किया

**5.46 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड आय अर्जित**

**डीबीडी संवाददाता | भुसावल**

भुसावल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति से पहले ही अपने गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) लक्ष्य को पार करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 15 दिसंबर 2024 तक, मंडल ने 5.46 करोड़ रुपये का एनएफआर राजस्व दर्ज किया है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य से 1.92% अधिक है।

पिछले वर्ष की तुलना में 16.51% की वृद्धि को दर्शाता है। यह उपलब्धि मंडल के राजस्व स्रोतों को विविधता प्रदान करने और नवाचारी दृष्टिकोण अपनाने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि राजस्व के विभिन्न आयामों मे विविधता लाने और सतत विकास के अवसरों को अधिकतम करने के लिए भुसावल मंडल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।




### प्रमुख उपलब्धियां

146 अनुबंधों का आवंटन
कुल अनुबंध मूल्य: 40 करोड़ रुपए
उल्लेखनीय अनुबंध
बैटरी कार संचालन:
छह स्टेशनों पर संचालन।
वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।
वार्षिक राजस्व: 22 लाख रुपए।
विश्राम कक्ष सेवाएं:
मंडल के सात स्थानों पर उपलब्ध।
वार्षिक राजस्व: 26 लाख रुपए।
नासिक रोड स्टेशन पर पार्सल स्कैनर:
सुरक्षा और राजस्व बढ़ाने पर केंद्रित एक अनूठी पहल।
वार्षिक राजस्व: 2.35 लाख रुपए।

### भविष्य की राजस्व वृद्धि परियोजनाएं

भुसावल मंडल ने आगामी परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी की हैं, जिनसे 1.48 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय की उम्मीद है। इनमें शामिल हैं:
नासिक रोड स्टेशन पर महिलाओं के प्रतीक्षालय का आउटसोर्सिंग।
भुसावल यार्ड में बॉक्सएन वैगनों की सफाई।
शेगांव और धुले में रेल कोच रेस्तरां की स्थापना।
भुसावल-नासिक खंड पर विविध वस्तुओं की ऑनबोर्ड वेंडिंग।
भुसावल मंडल की राजस्व सृजन की यह सक्रिय पहल और नवाचार पर फोकस भारतीय रेल के लिए उत्कृष्टता का मानक स्थापित कर रहा है। यात्री सुविधा और संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए राजस्व सृजन के लिए नवीन मार्ग तलाशने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले वर्षों में नए मानक स्थापित करने के लिए सदैव तत्पर है।

# कल्याण-भांडुप सर्कल के 9 हजार 384 बिजली उपभोक्ताओं को 'अभय'

**15 करोड़ 84 लाख रुपए का भुगतान;**

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण/भांडुप**

बिजली का बिल बकाया होने के कारण स्थायी रूप से बिजली कट किए गए ग्राहकों के लिए महावितरण द्वारा लाई गई अभय योजना से कल्याण और भांडुप सर्कल में 9 हजार 384 लोगों को लाभ मिला है, और उन्होंने 15 करोड़ 84 लाख रुपए का भुगतान किया है।

### 31 दिसंबर योजना का अंतिम दिन



इन ग्राहकों ने मूल बकाया पर 5 से 10 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ विलंब शुल्क और अतिदेय राशि पर ब्याज की छूट का लाभ उठाया है। 5,500 लोगों की मांग के अनुसार, उनके घरों को फिर से रोशन करने के लिए बिजली कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इस योजना की अवधि 31 दिसंबर को समाप्त हो रही है और महावितरण ने दोनों सर्कल में लाभ से वंचित शेष उपभोक्ताओं से तुरंत ऑनलाइन आवेदन करके अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### हजारों लोगों ने लिया योजना का लाभ

कल्याण परिमंडल में 6 हजार 394 ग्राहकों ने अभय योजना में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। इनमें से 5 हजार 427 ग्राहकों ने अब तक 6 करोड़ 64 लाख रुपए का भुगतान किया है और उनमें से 3 हजार 596 ने नवीनीकरण या नए बिजली कनेक्शन की मांग की है। जबकि भांडुप सर्कल में 4 हजार 408 ग्राहकों ने अभय योजना में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। इनमें से 3,691 ग्राहकों ने अब तक 92,200,000 रुपए का भुगतान किया है, जिनमें से 1,900 ने नवीनीकरण या नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

**कल्याण मंडल :-**

मंडल कार्यालय योजना में भाग लेने वाले ग्राहकों के बकाए का भुगतान
**कल्याण-** एक 802 85 लाख
**कल्याण-** दो 1,494 2.11 करोड़
**वसई** 2,007 2.71 करोड़
**पालघर** 1,124 97 लाख
**कल्याण परिमंडल** 5,427 6.64 करोड़

**भांडुप मंडल :-**

मंडल कार्यालय योजना में भाग लेने वाले ग्राहकों के बकाए का भुगतान
**पेन** 1,915 3.28 करोड़
**ठाणे** 861 1.30 करोड़
**वाशी** 1,181 4.62 करोड़
**भांडुप मंडल** 3,957 9.20 करोड़

### ऑनलाइन आवेदन कर उठाएं लाभ

अभय योजना के अनुसार, निम्न दाब एवं उच्च दाब उपभोक्ता (सार्वजनिक जलापूर्ति एवं कृषि पंप उपभोक्ताओं को छोड़कर) जिनकी विद्युत आपूर्ति मार्च-2024 के अंत तक या उससे पहले स्थाई रूप से बाधित हो गई है, वे इस योजना का लाभ लेने के पात्र हैं। यदि मूल देय राशि एकमुश्त या छह बराबर किस्तों में चुकाई जाती है, तो ब्याज एवं विलम्ब शुल्क पूर्ण रूप से माफ कर दिया जाएगा। योजना में भाग लेने वाले ग्राहकों के पास मूल बकाया राशि एकमुश्त या छह बराबर किस्तों में चुकाने का विकल्प है। वहीं, उच्च दाब ग्राहक जो एकमुश्त बकाया राशि का भुगतान करते हैं, उन्हें मूल बकाया राशि पर 5 प्रतिशत तथा निम्न दाब ग्राहकों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। एकमुश्त या मूल बकाया राशि का 30 प्रतिशत भुगतान कर योजना में भाग लिया जा सकता है। इसके बाद मांग के अनुसार तत्काल नवीनीकरण या नया विद्युत कनेक्शन मिल जाएगा। पात्र ग्राहकों को केवल https://wss.mahadiscom.in/wss/wss पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# बैंक के बाहर 50 हजार रुपये की ठगी




**भिवंडी।** शहर के एसटी स्टैंड इलाके में स्थित इंडियन बैंक से पैसे निकालने आए एक ग्राहक को झांसा देकर 50 हजार रुपये नकद लूटने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार, नागांव इलाके के निवासी रोहन बालू गडसिंग अपनी दादी के साथ बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर बाहर निकले। बैंक के बाहर फ्लाईओवर के नीचे दो ठगों ने उन्हें बातों में उलझा लिया। एक ठग ने 15 हजार रुपये और दूसरे ने 35 हजार रुपये यह कहकर ले लिए कि बदले में 1 लाख 80 हजार रुपये देंगे। ठगों ने रुमाल में कागज की गड्डी लपेटकर उन्हें दे दी और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद ठगे जाने का एहसास होने पर रोहन ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दोनों अज्ञात जालसाजों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध होर्डिंग-बैनर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बताया भयावह और दुखद स्थिति

## राजनीतिक दलों को नोटिस जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र में अवैध होर्डिंग और बैनर की बढ़ती संख्या को 'भयावह' और 'दुखद स्थिति' करार दिया। मामले में मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने सभी राजनीतिक दलों को नोटिस जारी कर उन्हें कारण बताने का निर्देश दिया कि अदालत के आदेशों की अवहेलना करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए।

### 'अवैध बैनर और होर्डिंग के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई'

पिछले कई वर्षों से, हाईकोर्ट अवैध बैनर और होर्डिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आह्वान कर रहा है और सभी राजनीतिक दलों को यह आश्वासन देने का भी आदेश दिया है कि उनके कार्यकर्ता ऐसे होर्डिंग नहीं लगाएंगे। सभी राजनीतिक दलों- भाजपा, कांग्रेस, शिवसेना, एनसीपी और मनसे- ने तब एक वचनबद्धता प्रस्तुत की थी।

### राजनीतिक दलों पर प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई

मामले में हाई कोर्ट ने कहा, अदालत ने अपने पहले के आदेशों में राजनीतिक दलों की तरफ से दिए गए वचनों को रिकॉर्ड में लिया था। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि ये राजनीतिक दल इस पर खरे नहीं उतरे हैं। पीठ ने कहा, 'हम उन्हें (राजनीतिक दलों को) कारण बताने के लिए नोटिस जारी करते हैं कि 2017 में पारित फैसले की अवहेलना के लिए उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।'

### 'चुनाव के बाद राज्य में बढ़ी होर्डिंग, बैनर की संख्या'

पीठ ने कहा कि चुनाव के बाद राज्य भर में अनधिकृत होर्डिंग, बैनर और पोस्टर की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। 'इससे अधिक भयावह क्या हो सकता है? हमारे (2017 के) फैसले में अवैध होर्डिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देने के बावजूद, देखिए हम कहां जा रहे हैं। यह बहुत दुखद स्थिति है।' इस दौरान पीठ ने सवाल किया कि ऐसे मामलों में आदेश और निर्णय की आवश्यकता क्यों है, जबकि कानून के तहत सरकार और नागरिक निकायों पर कर्तव्य है।

### 'इतना बाध्य न करें, कि हमें सख्त कार्रवाई करनी पड़े'

पीठ ने अधिकारियों को भी चेतावनी दी और कहा कि, 'न्यायालय को इतना बाध्य न करें, जहां हमें सख्त कार्रवाई करनी पड़े। हम आपको (नागरिक निकायों को) सावधान कर रहे हैं।' न्यायालय ने कहा कि वह नगर निकाय प्रमुखों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने के लिए नोटिस जारी करने के लिए बाध्य होगा। न्यायालय ने कहा कि वह अनधिकृत होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाने के लिए सरकार और नगर निकाय अधिकारियों की तरफ से किए जा रहे प्रयासों से अवगत है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

कुर्ला बेस्ट बस हादसा

# एक और व्यक्ति की मौत

## नौ हुई मृतकों की संख्या



**मुंबई।** कुर्ला बस हादसे में घायल एक और व्यक्ति की गुरुवार को सायन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब नौ हो गई है। अभी 40 अन्य घायलों का इलाज सायन और भाभा अस्पताल में हो रहा है। बेस्ट बस चालक संजय मोरे अभी पुलिस कस्टडी में है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### सायन अस्पताल में चल रहा था इलाज

मुंबई नगर निगम के अनुसार कुर्ला बस हादसे में घायल मेहबूब शेख का इलाज सायन अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कुर्ला बस हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। इस हादसे में घायल 40 लोगों का इलाज सायन और भाभा अस्पताल में चल रहा है। दरअसल, कुर्ला में 9 दिसंबर को एक बेस्ट बस अनियंत्रित होकर भीड़भाड़ में घुस गई थी। इस बस ने 50 से अधिक लोगों को रौंद दिया था। इस घटना में सात लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और 42 घायलों को सायन और भाभा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाजरत फजलू रहमान की सोमवार को सायन अस्पताल में मौत हो गई थी। इसी अस्पताल में ही इलाज करवा रहे मेहबूब शेख की भी गुरुवार को मौत हो गई है। इस घटना की छानबीन कुर्ला पुलिस कर रही है।

# महाकुंभ मेले के लिए पश्चिम रेलवे चलाएगी 3 विशेष ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए अहमदाबाद-जंघई, राजकोट-बनारस और वेरावल-बनारस स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर तीन जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।



### अहमदाबाद-जंघई स्पेशल

ट्रेन संख्या 09403 अहमदाबाद-जंघई महाकुंभ मेला स्पेशल अहमदाबाद से 21:15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 03:00 बजे जंघई पहुंचेगी। यह ट्रेन 09, 16, 21 जनवरी और 05, 14, 15, 18, 19, 26 फरवरी 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09404 जंघई-अहमदाबाद महाकुंभ मेला स्पेशल जंघई से 08:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 11, 18 और 23 जनवरी, 2025 और 07, 16, 17, 20, 21, 28 फरवरी, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आणंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज स्टेशनों पर रुकेगी।

### राजकोट-बनारस स्पेशल

ट्रेन संख्या 09537 राजकोट-बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल राजकोट से सुबह 06.05 बजे रवाना होगी और अगले दिन 14.45 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन 06, 15 और 19 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09538 बनारस-राजकोट महाकुंभ मेला स्पेशल बनारस से 19.30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.10 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 07, 16 और 20 फरवरी, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वांकानेर, सुरेंद्रनगर जं., विरमगाम, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, रानी, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

### वेरावल-बनारस स्पेशल

ट्रेन संख्या 09591 वेरावल-बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल वेरावल से 22:20 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 14.45 बजे बनारस पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09592 बनारस-वेरावल महाकुंभ मेला स्पेशल बनारस से 19:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 09:00 बजे वेरावल पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 फरवरी, 2025 को चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में राजकोट, वांकानेर, सुरेंद्रनगर जं., विरमगाम, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, रानी, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज और ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर रुकेगी।

बदलापुर दुष्कर्म मामला



# बेटे की गलती की सजा माता-पिता को नहीं मिलनी चाहिए: हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में मृत आरोपी के माता-पिता को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। वे आरोपी नहीं हैं। उन्हें उस गलती की सजा नहीं मिलनी चाहिए, जो उनके बेटे ने की। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से यह भी पूछा कि क्या सरकार उनके आश्रय और रोजगार की व्यवस्था कर सकती है? न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने मामले में आरोपी के माता-पिता से बातचीत की। आरोपी की इस साल सितंबर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। आरोपी को अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के शौचालय में दो नाबालिग बच्चियों के साथ पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के माता-पिता ने अदालत को बताया कि उनके बेटे की गिरफ्तारी के बाद से उन्हें हर जगह निशाना बनाया जाता है और वे बदलापुर में अपने घर में भी नहीं रह पा रहे हैं।

### शिवसेना और आरएसएस वैचारिक रूप से अलग हैं: संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि हालांकि आरएसएस और अविभाजित शिवसेना हिंदुत्व के एक सूत्र से बंधे हैं, लेकिन उनकी विचारधारा हमेशा अलग रही है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि 1975 में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का दबाव डाला गया था, लेकिन उन्होंने पार्टी की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया।

### संघ परिवार और शिवसेना की विचारधाराएं एक जैसी: शिंदे

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य महाराष्ट्र के उप प्रमुख एकनाथ शिंदे द्वारा गुरुवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. के बी हेडगेवार के स्मारक पर किए गए दौरे के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जहां उन्होंने कहा कि संघ परिवार और शिवसेना की विचारधाराएं एक जैसी हैं। इस दौरान संजय राउत ने कहा कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का भाजपा में विलय कर दिया जाना चाहिए।

बता दें कि, गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री शिंदे, कई अन्य भाजपा और शिवसेना नेताओं के साथ-साथ कुछ एनसीपी विधायकों ने शहर में चल रहे विधानमंडल सत्र के दौरान नागपुर के रेशिमबाग में आरएसएस संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के स्मारक का दौरा किया।

# मुंबई के पानी संकट पर जल्द मिलेगी राहत

संदिप कसालकर | मुंबई

मुंबई शहर को प्रतिदिन 4200 मिलियन लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जबकि वास्तविक आपूर्ति केवल 3800 मिलियन लीटर है। इस कारण 400 मिलियन लीटर पानी की गंभीर कमी महसूस की जा रही है। बढ़ती आबादी, नई इमारतों का निर्माण और झुग्गी पुनर्वास परियोजनाओं के कारण पानी की मांग बढ़ती जा रही है। इसी समस्या को लेकर उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविंद्र दत्ताराम वायकर ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने मुंबई में पानी आपूर्ति की समस्या को जल्द सुलझाने की मांग की।



### भविष्य की पानी की जरूरतें और समाधान

**2031:** 5320 मिलियन लीटर पानी की जरूरत होगी।
**2041:** यह आवश्यकता 6424 मिलियन लीटर तक पहुंच जाएगी।

### पुनर्नवीनीकरण जल परियोजनाओं से 2464 मिलियन लीटर पानी मिलने की उम्मीद

मुंबई नगर निगम ने गारगाई और पिंजाल बांध से क्रमशः 440 और 865 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, पुनर्नवीनीकरण जल परियोजनाओं से 2464 मिलियन लीटर पानी मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने समस्या का समाधान जल्द निकालने का आश्वासन दिया है, जिससे मुंबई के पानी संकट पर राहत मिलने की उम्मीद है।

# मध्य रेलवे मुंबई-करमाली के बीच चलाएगा 18 शीतकालीन विशेष ट्रेनें

## अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए उठाया गया कदम



**मुंबई।** मध्य रेलवे ने क्रिसमस और शीतकालीन छुट्टियों के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई-करमाली के बीच 18 शीतकालीन विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

**एलटीटी-करमाली-एलटीटी दैनिक विशेष**

ट्रेन संख्या 01149: 23.12.2024 से 31.12.2024 तक, प्रतिदिन 15:30 बजे एलटीटी मुंबई से रवाना होकर अगले दिन 05:30 बजे करमाली पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01150: 24.12.2024 से 01.01.2025 तक, प्रतिदिन 06:45 बजे करमाली से रवाना होकर उसी दिन 22:15 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी।

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**विभिन्न ROB का पुनर्वसन**

**ई-निविदा सूचना सं.** 17 वर्ष 2024-25 दिनांक: 11/12/2024 क्रम सं.1: ई-निविदा सं. डीवायसीई-बीआर-एडीआई-05-2024-25-R3, **कार्य का नाम:** गेरतपुर-अहमदाबाद :- वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल) अहमदाबाद के अधिकारक्षेत्र आधिन विभिन्न ROB का अवस्था आधार पर मध्यावधि पुनर्वसन करने का कार्य । **एनआईटी की अनुमानित लागत:** ₹ 2,14,75,112.51/- **बीड सिक्युरीटी लागत/ईएमडी:** ₹ 2,57,400.00/-, **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक: 03/01/2025 को 15:00 बजे । **कार्यालय का पता:** उप मुख्य अभियंता (पुल) अहमदाबाद, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, गुजरात कैंसर सोसायटी अस्पताल के सामने, असारवा, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380016. **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट:** www.ireps.gov.in ADI-266

हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

Government of Maharashtra
**Public Works Department**
**North Mumbai (P.W.) Division, Andheri**
**E- Tender Notice No. 40 (2024-2025.)**

E-mail address:- northmumbai.ee@mahapwd.com **Telephone/Fax Number :- 26231964/26205788**

E-Tender for the following work in B-1 Form is invited via online e-tendering system from Registered Contractor of Eligible Class by the Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (w), Mumbai-58 in behalf of Government of Maharashtra. Tender Documents are downloaded from Government of Maharashtra portal **https://mahatenders.gov.in & www.mahapwd.com**. Right to select or reject is reserved by The Superintending Engineer, Mumbai (P.W) Circle, Mumbai & Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (w), Mumbai-58. Tender with condition is never accepted.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost |
|---|---|---|
| 1 | Structural Strengthening & Renovation to Building No.35'A' of **32 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.7591937/- |
| 2 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 35 'B' of **32 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.7730212/- |
| 3 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 39 'A' of **32 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.8266381/- |
| 4 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 39'B' of **32 Police Qrts** Gr - VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.7460089/- |
| 5 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 3 'A' of **100 Police Qrts** Gr - VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.5959123/- |
| 6 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 3 'B' of **100 Police Qrts** Gr - VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.6793000/- |
| 7 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 4 'A' of **100 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.6690500/- |
| 8 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 4 'B' of **100 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.7735000/- |
| 9 | Structural Strengthening & Renovation to Building No. 4 'C' of **100 Police Qrts** Gr- VIII, Goregoan (E), Mumbai- 65. | Rs.7291500/- |

**Note: - Any changes in the scope / conditions and any other information in the tender document will be intimated on the same web site.**

**E- Tender Submission Date 20/12/2024 to 03/01/2025**

**E- Tender Opening Date- 06/01/2025. at 15.00 Hrs.**

No.EE/NMD / 11104 of 2024
Office of the Executive Engineer,
North Mumbai (P.W.) Division,
Dadabhai Road, Near Bhavan's College,
Andheri (West), Mumbai – 400 058.
Date :- 13 Dec 2024

**Sd./-**
**Executive Engineer**
**North Mumbai (P.W.) Division,**
**Andheri (West), Mumbai**

DGIPR-2024-25/5170

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज संख्या | निविदा आईडी संख्या 2024 MCGM_1125416-1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) |
| विषय | पी/उत्तर वार्ड अंबुजवाड़ी में स्थिर कॉम्पैक्टर चौकी का नवीनीकरण, स्थानांतरण और स्थापना। |
| निविदा जांच शुल्क | रु. 3,300.00+ (18% जीएसटी) |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | रु. 25,000/- |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 18/12/2024 11:00 बजे से |
| अंतिम तिथि और समय निविदा बेचने और बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की रसीद | 25/12/2024 को 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी जमा करना (ऑनलाइन) | 25/12/2024 को 16:00 बजे तक |
| पैकेट ए खोलना | 26/12/2024 को 16:00 बजे के बाद |
| पैकेट बी खोलना | 26/12/2024 को 16:00 बजे के बाद |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालय<br>अपो.मिलन मॉल, मिलन सबवे रोड, एस.वी. रोड के पास, सांताक्रूज़ (पश्चिम) मुंबई-400 054. फ़ोनः 022-26182252/53/54<br>ईमेलः trsg2008@yahoo.com |
| बोली खोलने का स्थान | कार्य. इंजि.परि. (डब्ल्यू.एस.) का कार्यालय |

यह निविदा दस्तावेज़ हस्तांतरणीय नहीं है।

यदि विषय ई-निविदा के लिए कोई परिशिष्ट और/या शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसका विवरण महाराष्ट्र सरकार (महाटेंडर्स) की ई-खरीद प्रणाली (https://mahatenders.gov.in) पर निविदाएं > ई-निविदाएं > निविदाएं के अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड किया जाएगा। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इसका ध्यान रखें।

बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या किसी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता./-
कार्य. इंजि.(परि.) डब्ल्यू.एस. आई/सी

पीआरओ/2023/विज्ञा./2024-25

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# दानव नहीं नशेबाज़

बीते सोमवार सुप्रीम कोर्ट ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफ से इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके। यह तार्किक है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चर्चाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं। जो एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। जो कानून व पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिये धनबल से तमाम तरीके इजाद कर लेते हैं। इसे पंजाब के हालात के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, यह सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के चक्रव्यूह में फंस रहा है। साल की शुरुआत में अत्यधिक नशे की डोज से मरने की घटनाओं से पंजाब हिल गया था। जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए। परिवार का भावनात्मक संबल कई युवाओं को नशे की अंधी गलियों से बाहर निकालने में सहायक होगा। लेकिन नशे के खिलाफ अभियान चलाने के बड़े-बड़े दावे करने वाले तंत्र को बरनाला में नशे के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने वाले एक सरपंच की हत्या पर आत्ममंथन करना चाहिए। सोचना होगा कि यदि समाज में नशे के खिलाफ उठने वाली आवाजों को संरक्षण न दिया गया तो लोग नशे के खिलाफ आवाज उठाने से डरने लगेंगे। निश्चित रूप से नशे के खिलाफ जन आंदोलन ही स्थिति को बदलने में सहायक होगा। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन के पीछे छिपे बहुआयामी कारकों पर भी मंथन की जरूरत है ताकि पता चले कि क्यों युवा भावनात्मक पलायन के कारण नशा करते हैं।

## शख्सियत | मोतीलाल वोरा

# पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल



मोतीलाल वोरा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल हैं। वह दो बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें। 1972 में, मोतीलाल वोरा ने मध्य प्रदेश विधान सभा से चुनाव जीता और उन्हें मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। बाद में 1977 और 1980 में, वह फिर से मध्य प्रदेश विधान सभा के लिए चुने गए।

मोतीलाल वोरा का जन्म 20 दिसंबर 1928 को जोधपुर राज्य के निम्बी जोधा में एक पुष्करणा ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता मोहनलाल वोरा और अंबा बाई थे। उनके पूर्वज निम्बी जोधा से और उससे पहले फलौदी से आये थे। मोतीलाल ने अपनी शिक्षा रायपुर और कोलकाता में प्राप्त की। उन्होंने कई सालों तक कई अखबारों के साथ भी काम किया था। उनकी शादी शांति देवी वोरा से हुई।

1968 में, वोरा, जो उस समय समाजवादी पार्टी के सदस्य थे, दुर्ग (तब मध्य प्रदेश का हिस्सा) की नगरपालिका समिति के सदस्य बने। 1972 में वह कांग्रेस के टिकट पर मध्य प्रदेश की विधान सभा के लिए चुने गए। वह 1977 और 1980 में फिर से विधानसभा के लिए चुने गए। उन्हें अर्जुन सिंह के मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री नियुक्त किया गया और वह उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी थे। 1983 में उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने 1981-84 के दौरान मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

13 मार्च 1985 को वोरा को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया। केंद्र सरकार में शामिल होने के लिए उन्होंने 13 फरवरी 1988 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 14 फरवरी 1988 को वोरा राज्यसभा के सदस्य बने और केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और नागरिक उड्डयन मंत्री का पद संभाला। वह भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे।

उन्हें 16 मई 1993 को उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया और 3 मई 1996 तक इस पद पर रहे। मोतीलाल वोरा 1998-99 में 12वीं लोकसभा के सदस्य थे।वोरा की उनके 92वें जन्मदिन के एक दिन बाद COVID-19 महामारी के दौरान मृत्यु हो गई।

# कैंसर के खिलाफ जंग में जगी उम्मीदें



**डॉ. संजय वर्मा**

करीब दो साल से यूक्रेन से युद्ध में उलझे रूस से यह खबर मिलना हर किसी को विस्मित कर सकता है कि उसने कैंसर जैसे गंभीर मर्ज के खिलाफ एक टीका (वैक्सीन) विकसित कर लिया है। इसका ऐलान खुद रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर ने किया है। रूस के सरकारी मीडिया से मिली इस खबर के आरपार जाएं, तो सवाल उठ सकता है कि आखिर यह टीका कितना असरदार है। इसकी असली परीक्षा तभी होगी, जब बाकी दुनिया को इसके परीक्षण का मौका मिलेगा। लेकिन फिलहाल के दावे के मुताबिक वर्ष 2025 से यह टीका सभी रूसी नागरिकों के लिए मुफ्त में उपलब्ध हो जाएगा। यह देखते हुए कि भारत समेत पूरी दुनिया को लंबे अरसे तक तकरीबन लाइलाज मानी जाती रही और फिर काफी जटिल चिकित्सा के सहारे कुछ हद तक इससे मुक्ति मिलने लगी है, यहां पहला सवाल टीके की विश्वसनीयता का ही उठ सकता है। एक तरफ जहां हमारे देश में पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू हाल में अपनी पत्नी का भोजन बदलकर प्रभावी आयुर्वेदिक इलाज का दावा कर चुके हैं, लोग पूछ सकते हैं कि क्या रूसी टीका इतना भरोसेमंद होगा कि अगर वह यहां उपलब्ध हुआ, तो आंख मूंदकर लगवा लिया जाए। इस संदर्भ में एक उदाहरण देना प्रासंगिक होगा। कोविड-19 महामारी के तेज वैश्विक प्रसार के दौरान रूस ने वैक्सीन-स्पुतनिक वी का निर्माण किया था, तो खुद सबसे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह टीका लगवाया था। हो सकता है कि इस बार भी पुतिन कुछ ऐसा ही करिश्मा करें और तब दुनिया इस पर यकीन करने लगे कि असाध्य कहलाने की श्रेणी में आने वाली कैंसर नामक बीमारी का आसान तोड़ आखिरकार मिल ही गया है। वैसे यहां उल्लेखनीय यह है कि एक शोध समाचार वेबसाइट- 'द साइंटिस्ट' के मुताबिक करीब डेढ़ दशक पहले न्यूयॉर्क स्थित एक बायोटेक कंपनी ने अप्रैल, 2008 में घोषणा कर दी थी कि उसे रूस में पहली चिकित्सकीय कैंसर वैक्सीन बनाने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसे किसी देश के कैंसर रोकथाम नियामक द्वारा दी गई पहली मंजूरी माना गया था। हालांकि, बाद के दो दशकीय अंतराल में यह नहीं पता चला कि कैंसर टीके के विकास के काम का क्या हुआ। लेकिन इसी साल फरवरी, 2024 में मॉस्को फोरम ऑन फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रोग्राम के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आश्वासन दिया था कि उनके वैज्ञानिक जल्दी ही दुनिया को कैंसर का टीका उपलब्ध करा देंगे। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ये टीके रूस के बाहर कब से मिलेंगे और कैंसर के किन प्रकारों की रोकथाम करेंगे। जहां तक इस टीके के निर्माण की प्रक्रिया (बनावट) की बात है, तो यह एमआरएनए (यह एक अणु है जो डीएनए से विशिष्ट निर्देश प्राप्त करता है) किस्म की वैक्सीन है। असल में, इस किस्म के पारंपरिक टीके बनाने में बीमारी की रोकथाम के लिए उसी वायरस या मर्ज के रोगाणुओं का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे खुद वह बीमारी पैदा होती है। अंतर सिर्फ यह है कि ऐसा करते वक्त कैंसर कोशिकाओं की सतह से उन हानिरहित प्रोटीन को उठाकर अलग किया जाता है, जिन्हें एंटीजन के रूप में जाना जाता है। ये एंटीजन टीके के निर्माण की प्रक्रिया में चिकित्सकीय परीक्षण (क्लिनिकल ट्रायल) के दौरान इंसानी शरीर में प्रविष्ट कराए जाते हैं और तब इनके सहारे बीमारी के खिलाफ कारगर एंटीबॉडी विकसित करने हेतु शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित किया जाता है। एमआरएनए टीके में संदेशवाहक की भूमिका में आए आरएनए के एक छोटे टुकड़े का उपयोग किया जाता है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को कैंसर कोशिकाओं से संबंधित एक विशिष्ट प्रोटीन का उत्पादन करने का निर्देश मिलता है। याद रहे कि कोविड महामारी से लड़ने के लिए इस्तेमाल में लाई गई वैक्सीन कोविशील्ड इसी किस्म का टीका था।

वैसे, कैंसर से बचाव और रोकथाम की दिशा में टीका बनाने की कोशिश करने वाले देश के रूप में रूस अकेला नहीं है। ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई अन्य देशों में बायोटेक कंपनियां कैंसर के खिलाफ कारगर दवाएं और टीके विकसित करने में जी-जान से लगी हुई हैं। जैसे ब्रिटिश सरकार जर्मनी की मशहूर फार्मा कंपनी बायोनटेक के साथ मिलकर कैंसर के उपचार के लिए वैक्सीन का क्लिनिकल ट्रायल कर रही है। उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक करीब 10 हजार कैंसर मरीज लाभान्वित हो सकते हैं। उधर अमेरिका की मॉडर्ना और मर्क फार्मा कंपनी त्वचा कैंसर की एक प्रायोगिक वैक्सीन पर काम कर रही हैं, जिसके शुरुआती नतीजे सकारात्मक बताए जा रहे हैं। भारत में 2022 में 9.16 लाख मरीजों की कैंसर से मौत हुई। ये आंकड़े भारत में कैंसर रोग की वैश्विक राजधानी साबित करते हैं। स्वास्थ्य जर्नल– द लैंसेट के शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल तंबाकू के सेवन से भारत, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, रूस, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका में ही 13 लाख मौतें हो रही हैं। यह संख्या कुल कैंसर मौतों की आधी है। हालांकि इसका अकेला गंभीर पीड़ित भारत नहीं है। दुनिया में हर छठवीं मौत के लिए कैंसर को जिम्मेदार माना जाता है। इसमें अमीर-गरीब का फर्क भी नहीं है। इसी साल की शुरुआत में ब्रिटेन के 75 वर्षीय राजा चार्ल्स के कैंसरग्रस्त होने का पता चला है। ऐसे में, रूसी टीका भारत समेत पूरी दुनिया को अगर मिल सका तो इसके सहारे रूस की सॉफ्ट पावर में हुआ इजाफा हर किसी को उसका मुरीद बना सकता है।

## जीवन मंत्र

अमृत साधना

# कहने-सुनने का फर्क

ओशो सुनने का मनोविज्ञान समझाते हैं, 'जब तक तुम्हारा मन है, तब तक तुम अलग ही अर्थ लोगे। मन अलग करने की प्रक्रिया है। कुछ भी कहा जाए, तुम उसकी व्याख्या करोगे।



अक्सर ऐसा होता है, कोई भी वक्तव्य सुनने के बाद जब सुनने वालों से पूछें कि क्या बोला गया है, तो सौ लोगों के सौ जवाब मिलते हैं; जितने सुनने वाले, उतने ही अर्थ। इसलिए आपस में बड़े विवाद भी होते हैं।

बुद्ध से एक बार उनके शिष्य ने पूछा, 'क्या हम वही सुन पाते हैं, जो आप बोलते हैं? जब मैं दूसरों से बात करता हूं, तो पता चलता है कि उन्होंने कुछ और सुना, जबकि मैंने कुछ और। लोग इसी में विवादग्रस्त हो जाते हैं कि बुद्ध का क्या अर्थ था!' बुद्ध ने कहा, 'यह स्वाभाविक है। बोलने वाला एक है, सुनने वाले बहुत सारे। इसलिए बोली तो एक बात जाती है, लेकिन सुनी उतनी जाती हैं, जितने सुनने वाले हैं, क्योंकि तुम मन से सुनते हो, आत्मा से नहीं। कल रात ही की बात तुमसे कहूं। जब मैंने रात के अंतिम प्रवचन के बाद कहा कि अब उठो; रात्रि का अंतिम कार्य करो। कल समागम में एक चोर भी आया हुआ था, एक नगरवधु भी आई हुई थी। और जब मैंने कहा कि अब रात्रि के अंतिम काम में सब संलग्न हो जाओ, तब तुम्हें ख्याल आया ध्यान का; चोर ने सोचा कि काफी रात हो गई, चांद ऊपर चढ़ गया है, अब चौर्यकर्म का वक्त हुआ। नगरवधु ने सोचा, बहुत देर हो गई, पता नहीं, ग्राहक अब मिलेंगे भी या नहीं? मैंने एक ही बात कही थी। नगरवधु ने अपना अर्थ लिया और चोर ने अपना। फिर भिक्षुओं ने भी इसके अलग-अलग अर्थ ही लिए होंगे।' वाकई सुनना बहुत कठिन बात है, क्योंकि सुनने की कला कभी सिखाई नहीं जाती। बोलने की कला के तो बडेप्रशिक्षण दिए जाते हैं। मगर यदि सुनने वाले सही न हों, तो बोलने का फायदा क्या? अर्थ का अनर्थ हो जाता है। सुनने के लिए आपका मन शांत और स्वीकार भाव में होना चाहिए। लेकिन मन का कोई ठिकाना नहीं होता, फिर सुनेगा कौन?

ओशो सुनने का मनोविज्ञान समझाते हैं, 'जब तक तुम्हारा मन है, तब तक तुम अलग ही अर्थ लोगे। मन अलग करने की प्रक्रिया है। कुछ भी कहा जाए, तुम उसकी व्याख्या करोगे। व्याख्या का क्या अर्थ है? व्याख्या का अर्थ है, तुम्हारा अतीत, तुम्हारी स्मृति, तुम्हारा ज्ञान, तुम्हारा अनुभव। ये सब व्याख्या करेंगे। जो मैं तुमसे कह रहा हूं, तुम उसे अपने अतीत के माध्यम से समझोगे। तत्क्षण वह कुछ और हो गया, क्योंकि तुमने वही नहीं समझा, जो मैंने कहा। तुमने वह समझा, जो तुम्हारे अतीत की क्षमता थी। जो मैंने कहा, तुमने उसे अपने मन के बर्तन में पूरी तरह ढाल लिया। उसका आकार बदल गया, उसका रूप बदल गया, उसकी गंध भी बदल गई। और अब तुम यही सोचोगे कि यही मैंने तुमसे कहा था।'

## जीवन ऊर्जा

जॉन अर्न्स्ट स्टाइनबेक जूनियर : निधन 20 दिसंबर 1968 | देहावसान

# विचार खरगोश की तरह होते हैं

जॉन अर्न्स्ट स्टाइनबेक जूनियर एक अमेरिकी लेखक थे। उनका जन्म 27 फरवरी 1902 में हुआ था। उन्हें साहित्य विजेता में 1962 का नोबेल पुरस्कार 'उनके यथार्थवादी और कल्पनाशील लेखन के लिए, जैसा कि वे सहानुभूतिपूर्ण हास्य और गहरी सामाजिक धारणा करते हैं, के लिए' प्राप्त हुआ था। उन्हें 'अमेरिकी अक्षरों का एक विशाल' कहा गया है। उनका निधन 20 दिसंबर 1968 में हुआ था।



शायद सभी इस पूरी दुनिया में एक दूसरे से डरते है और अब जबकि आपको पूर्ण होने की आवश्यकता नहीं है। सभी महान और कीमती चीजें एकाकी हैं। मेरा मानना है कि एक मजबूत महिला एक पुरुष से ज्यादा मजबूत हो सकती है, खासकर अगर उसके दिल में प्यार हो। मुझे लगता है कि एक प्यार करने वाली महिला अविनाशी है।

न कोई पाप है और न कोई पुण्य है, लोग सिर्फ अपना काम करते हैं। जब एक प्रकाश बाहर निकलता है, तो यह इतना गहरा होता है जितना कि यह कभी नहीं चमका होता। मेरा यह मानना है कि एक व्यक्ति का मुक्त, खोजी मन दुनिया में सबसे मूल्यवान चीज है। और इसके लिए मैं लड़ूंगा। मन की किसी भी दिशा में ले जाने की स्वतंत्रता जो वह चाहता है, अप्रत्यक्ष और इसके खिलाफ मुझे लड़ना चाहिए। कोई भी विचार, धर्म, या सरकार जो व्यक्ति को सीमित या नष्ट कर देती है। समस्त युद्ध एक विचारशील प्राणी के रूप में मनुष्य की असफलता का लक्षण है। और यह छोटा सा चीखने वाला तथ्य जो पूरे इतिहास में सुनाई देता है।

दमन केवल दमित को मजबूत करने और बुनने का काम करता है। विचार खरगोश की तरह होते हैं। आपको एक जोड़ी मिलती है और आप उन्हें संभालना सीखते हैं, और जल्द ही आपके पास एक दर्जन हो जाते हैं। मैं खोया हुआ पैदा हुआ था और पाए जाने में मुझे कोई खुशी नहीं है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जीवन अमूल्य है

मगध सम्राट चन्द्रगुप्त ने एक बार अपनी सभा मे पूछा कि देश की खाद्य समस्या को सुलझाने के लिए सबसे सस्ती वस्तु क्या है।

मंत्री परिषद् तथा अन्य सदस्य सोच में पड़ गये। चावल,गेहूं, ज्वार, बाजरा आदि तो बहुत श्रम के बाद मिलते हैं और वह भी तब जब प्रकृति का प्रकोप न हो। ऐसी हालत में अन्न तो सस्ता हो ही नहीं सकता। तब शिकार का शौक पालने वाले एक सामंत ने कहा राजन सबसे सस्ता खाद्य पदार्थ मांस है। इसे पाने मे मेहनत कम लगती है और पौष्टिक वस्तु खाने को मिल जाती है। सभी ने इस बात का समर्थन किया, लेकिन प्रधानमंत्री चाणक्य चुप थे।

तब सम्राट ने उनसे पूछा आपका इस बारे में क्या मत है ।

चाणक्य ने कहा कि मैं अपने विचार कल आपके समक्ष रखूंगा। रात होने पर प्रधानमंत्री उस सामंत के महल पहुंचे। सामन्त ने द्वार खोला। इतनी रात गये प्रधानमंत्री को देखकर घबरा गया।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



प्रधानमंत्री ने कहा कि शाम को महाराज एकाएक बीमार हो गये हैं। राजवैद्य ने कहा है कि किसी बड़े आदमी के हृदय का दो तोला मांस मिल जाए तो राजा के प्राण बच सकते हैं। इसलिए मैं आपके पास आपके हृदय का सिर्फ दो तोला मांस लेने आया हूं। इसके लिए आप एक लाख स्वर्ण मुद्रायें ले लें। यह सुनते ही सामंत के चेहरे का रंग उड़ गया। उसने प्रधानमंत्री के पैर पकड़ कर माफी मांगी और उल्टे एक लाख स्वर्ण मुद्रायें देकर कहा कि इस धन से वह किसी और सामन्त के हृदय का मांस खरीद लें ।

प्रधानमंत्री बारी-बारी सभी सामंतों सेनाधिकारियों के यहां पहुंचे और सभी से उनके हृदय का दो तोला मांस मांगा लेकिन कोई भी राजी न हुआ। उल्टे सभी ने अपने बचाव के लिये प्रधानमंत्री को एक लाख, दो लाख, पांच लाख तक स्वर्ण मुद्रायें दीं। इस प्रकार करीब दो करोड़ स्वर्ण मुद्राओं का संग्रह कर प्रधानमंत्री सवेरा होने से पहले वापस अपने महल पहुंचे और समय पर राजसभा में प्रधानमंत्री ने राजा के समक्ष दो करोड़ स्वर्ण मुद्रायें रख दीं।

सम्राट ने पूछा कि यह सब क्या है? तब प्रधानमंत्री ने बताया कि दो तोला मांस खरिदने के लिए इतनी धनराशि इकट्ठी हो गई फिर भी दो तोला मांस नहीं मिला। राजन अब आप स्वयं विचार करें कि मांस कितना सस्ता है। जीवन अमूल्य है। हम यह न भूलें कि जिस तरह हमें अपनी जान प्यारी है।

उसी तरह सभी जीवों को भी अपनी जान उतनी ही प्यारी है, लेकिन वो अपना जान बचाने में असमर्थ है और मनुष्य अपने प्राण बचाने हेतु हर सम्भव प्रयास कर सकता है।

बोलकर रिझाकर, डराकर रिश्वत देकर आदि आदि पशु न तो बोल सकते हैं न ही अपनी व्यथा बता सकते हैं तो क्या बस इसी कारण उनसे जीने का अधिकार छीन लिया जाय।

## सक्सेस मंत्र

# राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला

कवि हरिवंश राय बच्चन की मशहूर कविता, ‡मधुशाला‡ की पंक्ति -'राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला' , हमें सफलता के लिए काफी कुछ इशारा करती है। अक्सर हम अपने काम को लेकर दूसरों से सलाह लेते रहते हैं और सलाह बदलने के साथ ही अपना काम भी बदलते रहते हैं। कई बार तो यह बदलाव सिर्फ इसलिए होता है कि आपका मन नहीं लगता या काम में मुश्किलें आ रही हैं। इसका नतीजा यह होता है कि हम कामयाब नहीं हो पाते। मगर सही तरीका यह है कि आप मन न लगने या कार्य कठिन होने की वजह से बदल दें। बल्कि आपने जिस क्षेत्र को अपनी मर्जी से चुना है उसके शिखर तक पहुंचना ही आपका लक्ष्य होना चाहिए। इसलिए ही भले ही आपको रात दिन एक करना पडे.। क्योंकि किसी भी नदी की गहराई उसके किनारे से नहीं नापी जा सकती। उसके लिए तो आपको गहरे पानी में ही उतरना होगा। इसी ध्येय को आसान शब्दों में बयां करती एक कहानी पढ़िए आगे-

एक बार एक किसान को कुआं खोदना था। कोई 15-20 फुट खोद दिया गया, लेकिन पानी नहीं मिला। किसी ने सलाह दी कि यहां से कुछ दूर पानी हो सकता है। किसान ने वहां खुदवाना शुरू किया। 15-20 फुट खोद दिया गया, लेकिन यहां भी पानी नहीं मिला। फिर किसी और के कहने पर तीसरी जगह भी कोशिश की गई, लेकिन परिणाम कुछ भी नहीं मिला। उस गांव के बूढ़े अनुभवी से पूछा गया। उसने भी जगह बताई और वहां भी 15-20 फुट खोद दिया गया। वहां भी पानी नहीं था। संतों से पूछा गया। स्कूल टीचर से पूछा गया। डॉक्टर से पूछा गया। महात्माओं से पूछ लिया गया। जिसने भी जगह बताई सब जगह 15-20 फुट खोदकर देख लिया गया, लेकिन पानी नहीं मिला। फिर वो किसान थक गया और हारकर बैठ गया कि इतनी मेहनत के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है, करूं तो क्या करूं। घर आए थके-हारे किसान से उसकी पत्नी ने परेशानी का कारण पूछा। उस किसान ने कहा, हर किसी से सलाह लेकर जहां-जहां लोगों ने बताया 15-20 फुट खुदवाया गया लेकिन कहीं भी पानी नहीं मिला। तो उसकी पत्नी ने कहा कि घर के बाहर जहां सबसे पहले खुदवाया था, वहीं पर और ज्यादा खुदवाओ। किसान ने यह बात मानते हुए उसी पहले वाले कुएं को खोदना शुरू किया। 15 फुट, 20 फुट, 25 फुट, 30 फुट, 35 फुट। आखिर पानी मिल गया। इसी को कहते हैं राह पकड़ ले एक, चलाचल पा जाएगा मधुशाला।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

कविता

## आज मैं संहारक हूँ



लीना मल्होत्रा राव

कि आज मेरे पास मत आना
मैं प्रचंड वायु
आज तूफ़ान में तब्दील हो रही हूँ...
निकल जाना चाहती हूँ
आज दंडकारन्य के घने जंगलों में
कुछ नए पत्तों की तलाश में
जिनसे सहला सकूँ अपनी देह
जो मेरे झंझावत में फँस कर निरीह
होकर उड़े मेरी ही गति से
अपनी सारी इच्छाएँ जिन्हें
जलाकर धुएँ में उड़ा देती थी मैं
आज बहुत वेग में उड़ा ले चली हैं मुझे
समय की परिधि से परे
मनु की नौका की पाल खोल दी है मैंने
और जोड़ो में बचाए उसके बीजों
को नष्ट कर दिया है
मनु!
आज मै उसी मछली की ताकत
हूँ जिसके सींग से बाँधी थी नौका तूने
मैं आज तेरे चुने शेष बचे एक
बीज को अस्वीकार करती हूँ
जाओ आविष्कार करो नए
विकल्पों नए बीजों का
मेरी इंद्रियों को थामे हुए सातों
घोड़े बेलगाम हो गए हैं
और मैं अनथक भागती हूँ
अपने दुस्साहस के पहिये पर
किसी ऐसे पहाड़ से टकराने के
लिए जिसे चूर करके मैं अपने
सौंदर्य की नई परिभाषाएँ गढ़ लूँ
या जो थाम सके मुझे
ओ साधारण पुरुष !
तू हट जाना! मेरे रास्ते में मत आना !
मैं एक कुलटा हवा
भागती फिर रही हूँ चक्रवात सी
सब रौंद कर बढ़ती हूँ आगे
तेरी चौखट
तेरी बेड़ियाँ
तेरे बंद कमरे
बुझा दी है सुलगन अग्नि कुंड की
उड़ा के ले चली हूँ राख
आज मैं संहारक हूँ

ग़ज़ल

## हादसा

ये हादसा भी तिरे शहर में हुआ होगा
तमाम शहर मुझे ढूँढता फिरा होगा

मैं इस ख़याल से अक्सर उदास रहता हूँ
कोई जुदाई की सदियाँ गुज़ारता होगा

चलो कि शहर की सड़कें कहीं न सो जाएँ
अब इस उजाड़ हवेली में क्या रखा होगा

तुम्हारी बज़्म से निकले तो हम ने ये सोचा
ज़मीं से चाँद तलक कितना फ़ासला होगा

ज़रा सी देर को सोने से फ़ाएदा 'आज़र'
तुम्हें तो रोज़ इसी तरह जागना होगा

कफ़ील आज़र अमरोहवी




अरे इग्नेसियो, तुम जगे हुए हो न? बताओ क्या तुम्हें कहीं से कोई आवाज सुनाई दे रही है... या कोई रोशनी दिखाई दे रही है?

नहीं, कहीं कुछ नहीं दिखाई दे रहा...

पर लगता है जैसे हम शहर के कहीं आसपास ही हैं...

लग तो मुझे भी ऐसा ही रहा है... पर सुनाई तो कुछ नहीं दे रहा।

अपने आसपास ढंग से आँखें खोल कर देखो।

मुझे कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। बेचारा इग्नेसियो।

इनसानों की लंबी काली परछाईं ऊपर नीचे हरकत करती हुई दिखाई दे रही थी... नदी के किनारे चट्टानों पर फिसलती हुई - कभी विशाल आकार धारण कर लेती तो कभी सिमट जाती।

यह अकेली परछाईं थी - हवा में लहराती हुई।

चंद्रमा धरती के सिर के ऊपर मचलता हुआ प्रकट हुआ और रोशनी का छिड़काव करने लगा।

हमें जल्द से जल्द उस शहर तक पहुँचना है इग्नेसियो। तुम्हारे कान खुले हुए हैं... आसपास निगाह दौड़ाओ और सुनो कि कुत्तों का भौंकना सुनाई पड़ रहा है? उसी से हमें पता चलेगा कि तोनाया शहर पास आ गया है। हमें अपने गाँव से चले हुए तो कई घंटे हो चुके हैं।

आपकी बात दुरुस्त है... पर मुझे तो कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा।

मैं तो अब बुरी तरह थक चुका हूँ। आप ऐसा करो... मुझे सिर से नीचे उतार दो।

बूढ़ा आदमी पीछे चलते हुए एक दीवार तक पहुँचा और उस से टिक कर सिर की टोकरी को ऊपर ऊपर ही इस ढंग से संतुलित करने लगा जिस से उसको धरती पर नीचे न उतारना पड़े। उसकी टाँगें थकान से काँप रही थीं पर नीचे बैठने का उसका कोई इरादा नहीं था क्योंकि एक बार बैठ जाने पर बेटे का उतना बोझ लेकर दुबारा उठा पाना उसके अकेले के बस का नहीं था। घंटों पहले जब वह बेटे को गाँव से लेकर चला था तब भी कई लोगों ने बेटे को टोकरी में लाद कर उसके सिर तक उठाने में मदद की थी। इतनी देर से वह उसको अपने सिर पर लादे वैसे ही चलता आ रहा है।

अब तुम्हारी तबीयत कैसी लग रही है बेटे?

बहुत खराब ।

वे आपस में बहुत कम बातचीत कर रहे थे... बोलते भी तो एक दो शब्द। चलते हुए ज्यादातर समय वह सोता ही रहा - बीच बीच में उसका बदन बिल्कुल बरफ जैसा ठंडा पड़ जाता - तब वह बुरी तरह काँपने लगता। इस तरह की कँपकँपी को वह तुरंत भाँप जाता क्योंकि उसके सिर पर लदा हुआ टोकरा हिलने डगमगाने लगता - उसको गिरने से बचाने के लिए बूढ़े को अपने पंजे धरती पर गहराई से अंदर घुसाने पड़ते। दौरा पड़ते ही उसका बेटा अपनी बाँहें उसकी गर्दन के चारों ओर कस कर लपेट लेता - कई कई बार तो वह झटके के कारण गिरते गिरते बचा।

उसने अपने दाँत किटकिटाए पर इस हिफाजत के साथ कि जीभ कटने से बची रहे... बेटे से उसने पूछा :

क्या तकलीफ बहुत हो रही है?

हो तो रही है...बेटे ने संक्षिप्त सा जवाब दिया।

पहले उसने कहा था कि मुझे आप सिर से नीचे उतार दीजिए ...आप पैदल शहर की ओर बढ़िए, मैं धीरे धीरे आपके पीछे पीछे चल कर कल तक अपने आप आपके पास पहुँच जाऊँगा... हो सकता है और ज्यादा समय लगे, पर आ ही जाऊँगा धीरे धीरे ...उसने यह बात रास्ते में कम से कम पचास बार दुहराई होगी ...पर अब उसकी हिम्मत टूट रही थी।

सिर के ऊपर चाँद चमक रहा था... और इस अँधेरे समय में वो चाँद उनकी आँखें ज्यादा आलोकित कर रहा था... उनकी लंबी होती जाती छाया धरती पर पड़ती उसकी रोशनी को बीच बीच से खंडित कर रही थी।

मुझे पता नहीं चल रहा है हम जा कहाँ रहे हैं... उसने कहा।

इसके बाद चुप्पी छाई रही, बूढ़े ने कोई जवाब नहीं दिया।

वह चाँदनी में नहाया हुआ उकड़ूँ होकर बैठा था पर चेहरा रक्तविहीन और हल्दी जैसा पीला - उसके शरीर से प्रतिबिंबित होकर आ रहा प्रकाश भी मरियल ।

मैंने जो बोला तुमने सुना इग्नेसियो? मुझे लग रहा है कि तुम्हारी तबियत ज्यादा ही खराब है...

दूसरी तरफ से कोई आवाज नहीं आई।

बूढ़ा जैसे तैसे भी हिम्मत बाँधे आगे बढ़ता रहा - उसने कंधों को थोड़ा झुकाने और फिर शरीर को सीधा करने का यत्न किया।

यहाँ तो कोई सड़क भी नहीं दिखाई दे रही है... लोगों ने कहा था कि इस पहाड़ी को पार करते ही तोनाया शहर आ जाएगा ...हमने पहाड़ी पार कर ली पर दूर दूर तक शहर का कहीं कोई नामोनिशान नहीं ...कहीं से कोई शोर शराबा भी नहीं उठ रहा जिससे पता लगे कि हम आबादी के आसपास हैं ...तुम्हें तो ऊपर से सब दिखाई दे रहा होगा ...बताओ कहीं कुछ हलचल दिखाई दे रही है?

'मुझे सिर से नीचे उतार दो ...पापा। तुम्हारी तबियत ज्यादा खराब लग रही है?

हाँ सो तो है...

देखो, चाहे जो हो जाए मैं तुम्हें तोनाया पहुँचा कर ही दम लूँगा... वहाँ तुम्हारी देखभाल करने वाला कोई तो मिलेगा ...लोगों ने बताया था कि डाक्टर है वहाँ, उसके पास तुम्हें दिखाने ले चलूँगा ...जब इतनी दूर से तुम्हें अपने सिर पर ढो कर लाया हूँ तो यहाँ ऐसे खुले आसमान के नीचे छोड़ कर चला कैसे जाऊँ... मैं तुम्हें मरने कैसे दे सकता हूँ?

बूढ़े की लड़खड़ाहट बढ़ गई थी ...उसके कदम डगमगाए पर जल्दी ही वह सँभल गया।

मैं जब तक तुम्हें तोनाया पहुँचा नहीं देता दम नहीं लूँगा।

मुझे नीचे उतार दो...

बेटे की आवाज मुलायम होती गई, लगा जैसे फुसफुसा रहा हो...

मुझे थोड़ा आराम करने दो पापा...

वहीं बैठे बैठे सो जाओ बेटे ...मैंने तुम्हें कस के पकड़ा हुआ है।

आकाश बिलकुल साफ था और चंद्रमा पूरे निखार पर था ...उसका रंग धीरे धीरे नीला पड़ता जा रहा था। बूढ़े का चेहरा पसीने से लथपथ हो चुका था और चाँदनी उस गीलेपन पर जैसे चिपक सी गई हो। सिर पर बोझ होने और बेटे की बाँहें गर्दन से लिपटी होने की वजह से वह सिर्फ नाक की सीध में सामने देख सकता था सो सिर के ऊपर दमक रहा चंद्रमा उसकी निगाहों से बाहर था।

'मैं तुम्हारे लिए जो कुछ भी कर रहा हूँ तुम्हारे वास्ते नहीं कर रहा हूँ ...तुम्हारी गुजर चुकी माँ की खातिर कर रहा हूँ ...तुम आखिर उसी के बेटे हो ...यदि मैंने तुम्हें ऐसे ही छोड़ दिया तो वह मुझे कभी माफ नहीं करेगी ...उसकी खुशी के लिए मुझे ये सब कुछ करना है ...जब मैंने उस बुरी और दयनीय हालत में बीच सड़क पर तुम्हें पड़े हुए देखा तो मुझे एकदम से एहसास हुआ कि तुम्हारा इलाज करवा कर चंगा कर देना मेरा दायित्व बनता है ...इतनी दूर से तुम्हारा वजन उठाकर मैं ले आया इसके लिए शक्ति भी उसी ने मुझे दी, तुमने नहीं ...वजह सीधी सी है कि जीवन भर तुमने मुझे कष्ट और जलालत के सिवा क्या दिया ...भरपूर संताप... और जितना हो सकता था उतना अपमान...' इतना बोलते बोलते वह पसीने से तर-बतर हो गया पर धीरे धीरे बहती हुई हवा ने पसीना सुखा दिया - पर हवा के मद्धम पड़ते ही पसीना फिर से आने लगा।

'मेरी कमर चाहे टूट जाए पर मैं तुम्हें तोनाया तक पहुँचा कर ही दम लूँगा - तुम्हारे बदन पर जो जख्म हैं उनको ठीक करा कर ही मुझे चैन मिलेगा ...हालाँकि मुझे पक्के तौर पर मालूम है कि ठीक होते ही तुम अपनी पुरानी शैतानी राह पर लौट जाओगे ...पर मेरे लिए तुम्हारे इस बर्ताव के ज्यादा मायने नहीं क्योंकि तुम मेरी निगाहों से दूर रहोगे, बस मुझे तुम्हारी खुराफातों और कारस्तानियों का पता न चले... ईश्वर करे ऐसा ही हो ...मैं मानता हूँ कि तुम्हारा मेरा बाप बेटे का कोई रिश्ता है ही नहीं ...मुझे अपने लहू के उस कतरे पर शर्म आती है जो तुम्हारे बदन की बनावट में शामिल है... यदि मेरा वश चले तो मैं तुम्हारे गुर्दे के अंदर बह रहे अपने लहू को शाप दे दूँ कि उसमें कीड़े पड़ जाएँ। जिस दिन मुझे पता चला कि तुम राह चलते लोगों को लूटते हो, डाका डालते हो और कत्ल करते हो ...वो भी निर्दोष राहगीरों का कत्ल ...उस दिन से मेरे मन में तुम्हारे लिए ऐसी नफरत पैदा हो गई ...मेरी बात पर यकीन न आ रहा हो तो मेरे दोस्त ट्रैन्किलिनो से दरियाफ्त कर सकते हो ...उसी ने तुम्हारा बपतिस्मा किया था ...तुम्हारा नाम भी उसी का रखा हुआ है ...अफसोस की बात कि तुम्हारे ही कारण उसको बहुत सारी जलालत भी भुगतनी पड़ी। जब तुम्हारी कारस्तानियों के बारे में यह सब मुझे पता चला तो मैंने फौरन निश्चय किया कि अब से तुम्हें मैं अपना बेटा नहीं मानूँगा... अब देखो, कहीं कुछ दिखाई पड़ रहा है? ...या फिर कोई आवाज सुनाई पड़ रही है? ...जो भी देख सुन पाओगे तुम्हीं कर पाओगे, मैं तो ऐसे ही बहरा बना हुआ मानुष हूँ।'

'मुझे कहीं कुछ नहीं दिखाई दे रहा है।'

'तुम्हारी किस्मत ही फूटी हुई है ...मैं क्या कर सकता हूँ।'

'मुझे बहुत तेज प्यास लगी है।'

'जरा ठहरो ...लगता है हम शहर के करीब तक पहुँच गए हैं ...हमारी बदकिस्मती है कि हमें यहाँ तक आते आते रात हो गई ...लोगों ने अपने अपने घरों की रोशनी बुझा दी है ...पर रोशनी न भी दिखाई दे तो कुत्तों का भौंकना तो सुनाई पड़ ही जाएगा ...कान लगा कर सुनो, कहीं से कुछ आहट आ रही है?'

'प्यास से मैं मरा जा रहा हूँ ...कहीं से भी मुझे पानी लाकर दो।'

'मेरे पास पानी है कहाँ... आसपास दिखाई भी नहीं पड़ रहा है ...चारों और पत्थर ही पत्थर ...पर एक बात कान खोल कर सुन लो ...यदि मुझे पानी दिखाई दे भी जाता है तो मैं पानी पीने के लिए तुम्हें नीचे उतारने वाला नहीं ...दूर दूर तक जहाँ कोई परिंदा न दिखाई दे वहाँ तुम्हें दुबारा मेरे सिर के ऊपर चढाने में कौन मदद कौन करने आएगा भला... मेरे बस का अकेले तुम्हें जमीन से उठा कर सिर पर रख लेना नहीं है।'

'लगता है तुरंत पानी नहीं मिला तो मेरी जान ही निकल जाएगी ...चलते चलते मैं थक भी बहुत गया हूँ।'

'तुम्हारी बातें सुन के मुझे तुम्हारे जन्म का समय याद आ रहा है ...जन्म लेते ही तुम्हें जोर की प्यास लगी थी और भूख भी ...खा पी कर तुम गहरी नींद सो गए थे ...तुम्हारी माँ की छाती में जितना दूध था तुम इसकी एक एक बूँद चूस गए फिर भी तुम्हारी राक्षसी भूख प्यास खतम नहीं हुई ...फिर माँ ने तुम्हें पानी पिलाया पर तुम इस से भी संतुष्ट नहीं हुए ...बचपन में तुम बेहद शरारती और उद्दंड थे, पर बचपन की शरारत देख के मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि बाद में तुम्हारे कारण हमें ऐसे दुर्दिन देखने पड़ेंगे ...मैंने जो सोचा भी नहीं था आखिर हुआ वही। तुम्हारी माँ हमेशा यही दुआ करती रही कि तुम खूब बलवान हट्टे कट्टे बाँके जवान बनो ...जीवन भर उसकी यही आस लगी रही कि बड़े होकर तुम उसकी परवरिश करोगे... दरअसल तुम्हारे सिवा उसके पास और था भी कौन? दूसरा बेटा तो सिर्फ उसकी जान लेने आया था - इधर उसने जन्म लिया उधर तुम्हारी माँ चल बसी... धरती पर पाँव रखते ही उसने माँ की जान ले ली ...गनीमत है तुम्हारी यह दुर्गति देखने को वो जीवित नहीं रही वर्ना उसको तो दुबारा शर्म से मरना पड़ता... बेचारी दुखियारी।'

अचानक बूढ़े को एहसास हुआ कि उसके सिर के ऊपर रखी टोकरी में बैठा हुआ इनसान हिल-डुल नहीं रहा है, अपने गठरी जैसे शरीर को कभी इधर तो कभी उधर खिसका कर संतुलन बनाने की कोशिश भी नहीं कर रहा है ...और उसके सिर से पसीना ऐसे चू रहा है जैसे कातर रुलाई से मोटे मोटे आँसू गिर रहे हों।

'इग्नेसियो ...इग्नेसियो ...तुम रो रहे हो? ...माँ की इतनी याद आ रही है? ...पर अपने दिल पर हाथ रख के पूछो तुमने अपनी पूरी जिंदगी में कभी उसके लिए कुछ किया? ...हमें तो तुमने सिर्फ दुख, शर्म और अपमान ही दिए ...अब देखो जिनके साथ मिलकर तुमने यह सब किया उन्होंने बदले में तुम्हें क्या दिया - सिर्फ घाव न? दिन रात तुम्हारे लिए कसमें खाने वाले दोस्तों का भी क्या हस्र हुआ ...वे सब के सब भी आपसी लड़ाई झगड़ों में मारे गए ...पर उनके लिए रोने वाला कोई नहीं था ...वे कहा भी करते थे कि हमारे पीछे स्यापा करने वाला कोई नहीं है ...पर तुम्हारे अपने लोग तो थे इग्नेसियो - तुमने अपने लोगों को अपने कुकर्मों से संताप के सिवा क्या दिया?'

शहर आ गया था ...घरों की छत पर चाँदनी बिखरी हुई थी ...पर जब आखिरी बार उसने अपनी कमर सीधी करने की कोशिश की तो बूढ़े को ऐसा लगा कि वो अपने बेटे के बोझ तले दबकर वहीं मर जाएगा। शहर में घुसते ही जो पहला मकान मिला बूढ़ा उसके पास थोड़ा ठहर कर सुस्ताने को हुआ - उसने सिर की टोकरी नीचे उतारने की कोशिश की तो उसको एकदम से महसूस हुआ जैसे शरीर का कोई अंग अचानक कट कर दूर जा गिरा हो । अपनी गर्दन पर कस कर लिपटी हुई हथेलियाँ उसने बड़ी मुश्किल से ढीली कीं ...कान के ऊपर से बेटे की हथेली हटते ही उसको अपने चारों ओर कुत्तों का भौंकना सुनाई पड़ना शुरू हो गया।

'ताज्जुब है, इतने सारे कुत्ते चारों ओर भौंक रहे हैं पर तुम्हें इनका भौंकना सुनाई नहीं पड़ा इग्नेसियो? ...समय रहते शहर तक पहुँच जाने और डाक्टर को दिखा देने के भरोसे को जिंदा रखने में भी तुमने मेरी मदद नहीं की... मरते हुए भी तुम अपनी हरकतों से बाज नहीं ही आए... जीते जी तो तुमने मेरे साथ दगा किया ही, मरते हुए भी मुझे नहीं बख्शा...।'




'मैं शाम को दफ्तर से लौटकर आऊं तो यह चिड़िया का घोंसला मुझे दिखना नहीं चाहिए, समझे!' रवि बाबू ने बड़े बेटे पर बरसते हुए कहा।

'पापा चिड़िया के घोंसले में अभी छोटे-छोटे अंडे हैं। अभी घोंसले को कैसे बाहर फेंक सकते हैं! कुछ दिन इंतजार कर लेते हैं। बच्चे उड़ने लायक हो जाएं तो घोंसले को हटा देंगे।' बेटे ने जवाब दिया।

उसी समय सामने वाले पड़ोसी निर्मल जी आ गए- 'रवि बाबू, क्यों बच्चे पर गरज रहे हो?' 'कुछ नहीं निर्मल भाई, आप बताओ कहां जा रहे हो थैला लेकर?' रवि बाबू ने बात बदलते हुए पूछा।

'बस अगले चौराहे तक जा रहा हूं दाना- पानी की व्यवस्था करने।' निर्मल जी ने जवाब दिया।

रवि बाबू ने पूछा, 'दाना-पानी..?'

'हां भाई, दाना-पानी! दरअसल एक चिड़िया ने घर में घोंसला बना लिया। उसमें उसके दो-चार बच्चे भी हैं। बस उनके दाने के लिए एक मिट्टी का बर्तन और पानी के लिए परिंडा लेने जा रहा हूँ। बेचारी नन्ही सी जान इतनी भीषण गर्मी में कहां भटकती फिरेगी!' निर्मल जी ने कहा।

रवि बाबू ने बेटे की तरफ देखा, फिर कुछ सोचते हुए कहा, 'तू भी साथ जा, दाना-पानी के बर्तन ले आ!'

बेटा खुश था।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

**वृष** – किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**कर्क** – नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह** – स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या** – बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है।

**तुला** – स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे।

**धनु** – दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मकर** – पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** – घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन** – यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

## हाथो कि लकीरों को पढ़ने के लिए हमें हस्तशास्त्र पढ़ना पड़ेगा




हम हाथो कि हर लकीर को तो नहीं पढ़ सकते क्योंकि इसके लिए हमें हस्तशास्त्र पढ़ना पड़ेगा।

### M रेखा वाले –

जिन लोगो के हाथो में M का निशान बनता है वो लोग बहुत ही बुद्धिमान होते है और आत्मविश्वास से भरे होते है। ऐसा इंसान जीवन में खूब तरक्की करता है और हमेशा ख़ुशी का जीवन जीता है। ऐसे इंसान की छः इन्द्रियाँ ( Sixth Sense ) बहुत तेज़ होती है। इसलिए ऐसे लोगो से कभी झूठ न बोले, नहीं तो आप पकड़े जाएंगे।

### X निशान वाले –

1 रिसर्च पर 2 million लोगो पर रिसर्च की गई जिसमे ये पाया गया की जिन लोगो के हाथो में X का निशान बनता है वे लोग जीवन में बहुत ही कामयाब और लोकप्रिय होते है। ऐसे लोगो को जीवन में पैसे की कोई कमी नहीं रहती। तो अगर आपके हाथ में भी X बनता है तो आप भी एक दिन ज़रूर कामयाब होंगे। पर मेहनत हर काम के लिए ज़रूरी है।



प्रियंका जैन
9769994439

### आधा चाँद वाले –

जिन लोगो के हाथो को मिलाने से आधा चाँद बनता है कहा जाता है कि, इसे लोग बहुत ही आकर्षित होते है और ऐसे लोगो की बुद्धि भी तेज़ होती है। ऐसे लोगो को जीवन में हमेशा कामयाबी मिलती है क्योंकि ऐसे लोग हर मुश्किल का हल आसानी से ढूँढ लेते है। हाथो की लकीरें हमें अनुमान देती है की हम जीवन में कामयाब होंगे या नहीं। मगर कामयाबी के लिए हाथो पे इन लकीरो का ही होना ज़रूरी नहीं, जीवन में मेहनत से ही सब कुछ मिलता है। ये लकीरें आपको सिर्फ एक प्रोत्साहन देती है एक सहारे की तरह काम करती है पर कामयाबी आपको आपकी मेहनत से ही मिलेगी। इसलिए अपनी जीवन की मुश्किलों से लड़ते हुए आगे बड़े कामयाबी आपके कदम चूमेगी। हस्त रेखा ज्ञान से हम बहुत सी ऐसी चीज जान सकते हैं जो जातक के जीवन में घटित होती है। जैसे किसी भी जातक (व्यक्ति) का विवाह, क्योंकि हिन्दू समाज में स्त्री और पुरुष का संबंध विवाह के बिना मान्य नहीं होता। हस्तरेखा के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि उनका आगे आने वाला समय किस प्रकार से रहेगा।

क्रमशः

**खबर संक्षेप**

### दोस्त का अपहरण कर मांगी सात लाख फिरौती

**बसखारी।** सात लाख रुपये की फिरौती के लिए दोस्त ने ही युवक का अपहरण कर लिया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर घटना का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी व उसके पांच सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। युवक को सकुशल परिजनों को सौंपने के साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन व तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। आरोपियों में कई के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।

### वरिष्ठ साहित्यकार हरि मोहन मालवीय पंच तत्व में विलीन

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति से पुरस्कृत संगमनगरी के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार हिंदुस्तानी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष हरि मोहन मालवीय लखनऊ में अपने पुत्र गौरव मालवीय के पास विगत दिनों से रह रहे थे। वहां निमोनिया और छाती में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 91 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार हरि मोहन मालवीय का आज रात 2:18 पर सीने में संक्रमण के कारण स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में कालिंदी तट पर मीरापुर स्थित ककरहा घाट पर उनके पुत्र गौरव मालवीय ने किया। उनकी शव यात्रा में परिवार सहित बड़ी संख्या में साहित्य क्षेत्र से जुड़े एवं शहर के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग तथा भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### लालू यादव ने बाबा साहब को बताया भगवान

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। बुधवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि "अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत है। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। बाबा साहब भगवान हैं।
हम अमित शाह के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। हमने उनके बयान को सुना हैं, उनकी बातों से ऐसा लगता है कि वह अंबेडकर से घृणा करते हैं। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री को नसीहत दी कि उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए।"इससे पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वह हमारी प्रेरणा के केंद्र है।

बाबा साहब आंबेडकर वाले बयान पर बवाल

# सपा और कांग्रेस ने मांगा गृहमंत्री का इस्तीफा

**नाराजगी**

एजेंसी | आजमगढ़

गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ दिए गए कथित बयान से क्षुब्ध होकर कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जनहित में गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने कार्यालय से पुतला लेकर गड़वार तिराहे पर पहुंचे। इस दौरान पुतला दहन को लेकर पुलिस के साथ उनकी छीना झपटी भी हुई। इसके बाद भी उन्होंने अमित शाह का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने में मुन्ना उपाध्याय, संतोष चौबे सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इसी क्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने जैसे ही अमित शाह का पुतला सपा कार्यालय से बाहर निकाला तो पहले से मौजूद पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने पुतला छीन लिया। इस दौरान कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए। मौके पर रोहित चौबे आदि मौजूद रहे।



### आंबेडकर पर बयान से क्षुब्ध समाजवादी छात्रसभा ने अमित शाह का फूंका पुतला

संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ ही, इसकी चिंगारी बृहस्पतिवार को आजमगढ़ जिले में भी पहुंच गई। समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष कुनाल मौर्या के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रसभा के अध्यक्ष ने बाबासाहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष कुनाल मौर्या ने आरोप लगाया कि शाह ने 17 दिसंबर को उच्च सदन में 'संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबासाहेब का अपमान किया। इसे हम सभी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। कुनाल मौर्या ने कहा कि 'बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का सम्मान पूर्वक नाम नहीं लिए। ऐसे में नैतिकता के हिसाब से अमित शाह इस्तीफा दे दें।'

## शराब की दो भट्ठियां ध्वस्त



**तीन हजार लीटर जावा महुआ हुआ नष्ट**

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस व बजरा टीम ने हरनारायनपुर पंचवाहिनी के जंगल में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इसमें शराब की दो ज्वलंत भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं, हजारों लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट की गयी। उपकरणों को आग के हवाले कर दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुबोध पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि हरनारायनपुर के घने जंगल में महुआ शराब का संचालन हो रहा है। इसके बाद टीम गठित कर कारईवाई की गयी। इस टीम में शामिल एएसआइ सुरेंद्र कुमार गुप्ता व बजरा टीम के सहयोग से कार्रवाई की गयी। तीन हजार लीटर जावा महुआ नष्ट की गयी। हालांकि, पुलिस को देखते ही सभी धंधेबाज भाग निकले। सभी शराब भट्टी संचालक की पहचान की जा रही है।

## जौनपुर में पुलिस मुठभेड़

### स्कॉर्पियों में गोवंश छिपाकर ले जा रहे थे तस्कर

**रोकने पर झोंकी फायरिंग, 3 गिरफ्तार**

एजेंसी | जौनपुर

जौनपुर जिले की मीरगंज व बरसठी पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### यह है मामला

मीरगंज पुलिस बंधबा बाजार बरसठी मोड़ तिराहा के पास रात में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच एक स्कॉर्पियों कुंवर तिराहे की तरफ से तेज गति से बंधवा तिराहे की तरफ आते दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर टॉर्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया। लेकिन उक्त स्कॉर्पियों चालक तेज गति से बरसठी की तरफ भागने लगा। बदमाश के भागने की सूचना आर.टी सेट से कंट्रोल रूम व थाना बरसठी को दी गई। प्रभारी निरीक्षक बरसठी द्वारा बताया गया कि बरसठी बंधवा रोड पर घेराबंदी की गई है। स्कॉर्पियों पुलिस बल को देखकर पुनः बंधवा की ओर जा रही है। सूचना पर बिलरा मोड़ के पहले थानाध्यक्ष मीरगंज मय फोर्स के घेरा बंदी करते हुए उक्त वाहन का इंतजार करने लगे।

### खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर चलाई गोली

कुछ समय बाद एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया। खुद को घिरा पाकर वाहन में बैठे चालक द्वारा स्कॉर्पियो को मोड़ दिया गया। चालक के बगल में बैठे एक व्यक्ति ने उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। थानाध्यक्ष मीगंज द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक बरसठी मय हमराह के आ गए। जहां पर अन्य फोर्स के साथ घेराबंदी करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को पकड़ा गया। घायल व्यक्ति ने अपना नाम मनीष यादव उर्फ मिन्टू यादव पुत्र शिवलाल यादव, निवासी कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर जनपद चंदौली बताया।

# बीएचयू में नियुक्तियों पर सवाल

### प्रो. ओम शंकर ने कुलपति पर लगाया आरोप, कहा- इमरजेंसी पॉवर का कर रहे दुरुपयोग

एजेंसी | वाराणसी

आईएमएस बीएचयू के हृदय रोग विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ओम शंकर ने विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों पर सवाल खड़ा किया है। बृहस्पतिवार को विभाग में प्रेस कांफ्रेंस कर प्रो. ओम शंकर ने कुलपति पर नियमों के विपरीत नियुक्ति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुलपति ने अपने इमरजेंसी पॉवर का दुरुपयोग कर नियुक्तियां की हैं। साथ ही यूजीसी के मानकों और कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है। इधर, प्रेस कांफ्रेंस करने की सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य प्रो. ओम शंकर को ऐसा करने से रोकने पहुंचे, लेकिन उन्होंने नियमों का हवाला दिया। कुछ देर रहने के बाद सुरक्षा कर्मी समेत अन्य सदस्य वापस लौट गए।

**प्रोफेसर ने इन आदेशों का दिया हवाला**



प्रो. ओम शंकर ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कुलपति ने बीएचयू अधिनियम के क्लॉज 7 (सी) 5 के तहत आपातकालीन शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए नियमित और गैर-आपातकालीन नियुक्तियों को उचित ठहराया है। यह अधीन शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से 2001 और 2015 में जारी आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन हैं। विजिटर यानी तत्कालीन राष्ट्रपति के आदेश पर ये आदेश जारी हुए थे, जिसका कुलपति ने सीधे तौर पर उल्लंघन किया है। इन आदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नियमित नियुक्तियों के लिए आपातकालीन शक्तियों का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

### चार में से तीन कैंडिडेट को अयोग्य ठहरा दिया गया

हृदय रोग विभाग में खाली चार पदों में नियुक्ति में भी भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप प्रो.ओमशंकर ने लगाया है। प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि चार में से तीन कैंडिडेट को अयोग्य ठहरा दिया गया। जबकि आवेदकों में अधिकांश ने आईएमएस बीएचयू से ही एमडी,डीएम किया है। ऐसे में हृदय रोग विभाग में 75 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों के पद जानबूझकर खाली रखे गए हैं, जिससे मरीजों को महत्वपूर्ण सेवाओं से वंचित किया गया है और योग्य उम्मीदवारों के अवसरों को रोका गया है।

# विधायक सरवन निषाद किसानों को नहीं दिला पा रहे बिजली कनेक्शन

**लाचारगी**

**गोरखपुर।** चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद ने बिजली निगम वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को एक्सईएन के नाम से पत्र लिखकर शिकायत की और इनके तबादले के लिए लिखा है। विधायक के मुताबिक, मनमाने तरीके से एक्सईएन अवैध कनेक्शन जारी करते हुए खुद तो आर्थिक लाभ ले रहे हैं, लेकिन जरूरतमंद किसानों और अन्य के कनेक्शन में लापरवाही बरत रहे हैं।
विधायक सरवन निषाद ने लिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। इनके मुताबिक, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम के अधिशासी अभियंता हर्षराज रस्तोगी क्षेत्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। खंड के अंदर आने वाले किसान उपभोक्ताओं को भी काफी निराशा उठानी पड़ रही है।

### खंड से जेई का हुआ है निलंबन



बिजली निगम के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक्सईएन खुद के काम को जिम्मेदारी से करने की जगह दूसरे कर्मचारियों की गलत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दे रहे हैं। अभी हाल में ही थ्रू रेट कम होने की वजह से एमडी उप्र पॉवर कारपोरेशन ने मेडिकल ग्रामीण जेई सुरेंद्र पाल का निलंबन कर दिया था। बिजली उपकेंद्र से उपभोक्ताओं तक बिजली बेचने की दर को थ्रू रेट कहते हैं। उदाहरण, बिजली घर से चार रुपये थ्रू रेट प्रति किलोवाट की दर से बिजली बाहर भेजी गई। जेई की तरफ से 3 रुपये 90 पैसे के दर से थ्रू रेट वसूला। लेकिन, एक्सईएन की तरफ से इस थ्रू रेट को दो रुपये दिखाकर दो रुपये की कमी दिखा दी गई। इस गलत रिपोर्ट पर संबंधित एक्सईएन को निगम के अन्य अधिकारियों ने आपत्ति जताते हुए फटकारा भी था। लेकिन, तब तक कर्मचारी पर कार्रवाई की जा चुकी थी।




# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन कमजोरी

**बड़ी गिरावट का शिकार हुए सेंसेक्स और निफ्टी**

एजेंसी | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी जबरदस्त कमजोरी के साथ हुई थी। इसकी वजह से सेंसेक्स 80 हजार अंक और निफ्टी 24 हजार अंक से नीचे लुढ़क गए। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए शेयर बाजार की स्थिति सुधरती नजर आई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.20 प्रतिशत और निफ्टी 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।



### बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद

दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी, आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह टेक, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर हेल्थ केयर सेक्टर में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

### निवेशकों को 1 दिन में 2.62 लाख करोड़ का नुकसान

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 449.98 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 452.60 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.62 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

### बीएसई में 4,095 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,095 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,693 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,299 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 103 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,513 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 908 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,605 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 3 शेयर बढ़त के साथ और 27 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 14 शेयर हरे निशान में और 36 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### बीएसई का सेंसेक्स हुआ 79,218.05 अंक के स्तर पर बंद

बीएसई का सेंसेक्स 1,153.17 अंक टूट कर 79,029.03 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद कुछ देर तक खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 500 अंक उछल कर 79,516.17 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी दोबारा बढ़ती चली गई। पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 964.15 अंक की गिरावट के साथ 79,218.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### एनपीजी ने पीएम गतिशक्ति एनएमपी के तहत 2 रेलवे और 3 राजमार्ग परियोजनाओं का किया मूल्यांकन



**नई दिल्ली।** नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 85वीं बैठक में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के तहत 5 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। इनमें रेलवे की दो और तीन राजमार्ग विकास परियोजनाएं हैं। इस बैठक की अध्यक्षता उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेंद्र अहिरवार ने की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन परियोजनाओं से लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलने, यात्रा समय में कमी आने और पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर देश के बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है जिससे हर क्षेत्र में निर्बाध संपर्क सुविधा सुनिश्चित होगी। मंत्रालय के मुताबिक रेल मंत्रालय की दो परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल




**मुंबई/नई दिल्ली।** जयपुर स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक जयपुर स्थित एनबीएफसी कंपनी का प्रस्तावित 5 रुपये के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 1.04 करोड़ शेयरों के नए निर्गम और प्रमोटरों द्वारा 56.38 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण भी शामिल है। इसके अलावा कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को छूट दी जा रही है।

### एअर इंडिया एयरलाइन ने 34 प्रशिक्षक विमानों का दिया ऑर्डर




**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र स्थित अपने उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) के लिए 31 एकल इंजन वाले विमानों सहित 34 प्रशिक्षक (ट्रेनर) विमानों का ऑर्डर दिया है। अगले साल की दूसरी छमाही तक इन विमानों के मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि हमने अगले साल महाराष्ट्र के अमरावती में अपने फ्लाइंग स्कूल के लिए 34 ट्रेनर विमानों के ऑर्डर दिए हैं। हम महत्वाकांक्षी पायलटों को सशक्त बनाने और भारत के विमानन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# सेबी ने एनएफओ राशि के निवेश की समयसीमा तय की

**नई दिल्ली।** सेबी ने परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों द्वारा नई कोष पेशकश यानी एनएफओ के जरिये जुटाई गई राशि के निवेश के लिए समयसीमा तय करने का फैसला किया है। उसके साथ ही एएमसी कर्मचारियों के हितों को यूनिटधारकों के हितों के साथ जोड़ने के संबंध में नियामकीय ढांचे को उदार करने का निर्णय लिया है। बाजार नियामक ने इसके अलावा निवेशकों को अधिक पारदर्शिता प्रदान करने के लिए सभी म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए दबाव परीक्षण का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है। सेबी के निदेशक मंडल की बुधवार की बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनका मकसद म्यूचुअल फंड के परिचालन में ज़ुझारूपन लाना और निवेशकों के बीच अधिक जवाबदेही तथा भरोसा सुनिश्चित करना है। समयसीमा के संबंध में सेबी ने कहा कि कोष प्रबंधकों को एनएफओ से एकत्रित धन को योजना के निर्दिष्ट परिसंपत्ति आवंटन के तहत 30 दिन के भीतर निवेश करना होगा।
नियामक ने बयान में कहा, यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर धनराशि का निवेश नहीं किया जाता है, तो निवेशकों के पास बिना कोई निकासी राशि चुकाए योजना से बाहर निकलने का विकल्प होगा। यह बदलाव एएमसी को एनएफओ के दौरान अतिरिक्त धनराशि एकत्र करने से हतोत्साहित करता है, क्योंकि निवेशक बाद में प्रचलित एनएवी पर ओपन-एंडेड योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

# मुझे कोई पछतावा नहीं : अश्विन

एजेंसी । चेन्नई

अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने कहा कि उन्हें संन्यास को लेकर किसी तरह का खेद और पछतावा नहीं है। मेरे लिए यह (संन्यास लेना) बहुत बड़ा फैसला नहीं था क्योंकि मैं अब एक नई राह पर आगे बढ़ रहा हूं। वह गुरुवार तड़के ऑस्ट्रेलिया से स्वदेश लौटे। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राज्य क्रिकेट संघ के अधिकारी उन्हें बाहर लेकर आए। जहां उनका फूलों की पंखुड़ियों और बैंड बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

### माता-पिता का लिया आशीर्वाद

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को लेने के लिए हवाई अड्डे पर पत्नी पृथी और दोनों बेटियां भी पहुंचीं थीं। घर पहुंचने पर अश्विन ने उन्होंने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। माता-पिता ने उन्हें गले लगा दिया। उन्हें फूल माला पहनाई गई। वहां मौजूद लोगों ने उनसे ऑटोग्राफ लिए और उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई दी। इसके बाद इंतजार कर रहे पत्रकारों से भी बात की।

## संन्यास लेने के बाद चेन्नई पहुंचने पर दिग्गज ऑफ स्पिनर का बैंड बाजे के साथ किया गया भव्य स्वागत

### मैच के चौथे दिन हुआ एहसास

अश्विन ने कहा, यह कई लोगों के लिए भावनात्मक हो सकता है। उन्हें इसे पचा पाने में थोड़ा समय लग सकता है लेकिन जहां तक मेरा सवाल है तो मेरे लिए यह बहुत राहत और संतुष्टि की बात है। मेरे लिए यह सहज फैसला था। पिछले कुछ समय से मैं इस पर विचार कर रहा था। मैच के चौथे दिन मुझे इसका एहसास हुआ और फिर मैंने इस फैसले की घोषणा कर दी। अश्विन से पूछा गया क्या उन्हें इस बात का खेद है कि वह कभी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी नहीं कर पाए तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, अब मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे इस तरह का कोई खेद नहीं है।




'मुझे विश्वास नहीं था कि इतने अधिक लोग यहां पहुंचेंगे। मैं चुपचाप घर पहुंच कर आराम करना चाहता था लेकिन आप लोगों ने मेरा दिन बना दिया। मैं इतने वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट खेलता रहा लेकिन आखिरी बार मैंने 2011 में वनडे विश्व कप के बाद इस तरह का माहौल देखा था।'
-आर अश्विन

### अब थोड़ा आराम करूंगा

उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमें अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता है। अमूमन जब मैं सोने के लिए जाता हूं तो विकेट लेना, रन बनाना जैसी कई चीजों को याद करता हूं लेकिन पिछले दो वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा था। इसलिए यह स्पष्ट संकेत था कि मुझे अब अलग रास्ता अपनाना है। मैंने अभी तक किसी तरह के लक्ष्य निर्धारित नहीं किए हैं।

### बीसीसीआई ने अश्विन के मस्ती भरे पल याद किए

एजेंसी । नई दिल्ली

मैदान पर बेहद दृढ़ और कड़क नजर आने वाले अश्विन ड्रेसिंग रूम में पूरी तरह बदले हुए नजर आते हैं। उन्हें अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ के साथ मस्ती करने के लिए जाना जाता है। बीसीसीआई ने अश्विन के संन्यास लेने के एक दिन बाद कुछ फुटेज जारी किए हैं। इसमें उन्हें इनडोर नेट सुविधा में सहयोगी स्टाफ से गेंदबाजी का सबक लेते हुए दिखाया गया है। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, मैदान पर कई मुकाबले यादगार रहे। लेकिन ये कुछ ऐसे पल भी हैं जो अश्विन को अपने करियर की याद दिलाएंगे। वीडियो फुटेज में अश्विन को फील्डिंग कोच टी दिलीप, ट्रेनर सोहम देसाई, विश्लेषक हरि प्रसाद मोहन और मालिशिए अरुण कनाडे के साथ मस्ती करते हुए दिखाया गया है।

### अश्विन हमारे लिए परेशानी का सबब रहे : स्टार्क

एजेंसी । ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अश्विन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ कुछ यादगार मुकाबलों में इस ऑफ स्पिनर ने उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। स्टार्क ने कहा, अश्विन भारत में हमेशा हमारी टीम के लिए परेशानी का सबब रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी सीरीज में अहम भूमिका निभाई। उनका करियर शानदार रहा। उनके आंकड़े सारी कहानी बयां करते हैं। वह लंबे समय तक भारत के प्रमुख गेंदबाज रहे और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लिए।

### बेहतर विदाई का हकदार था अश्विन : कपिल

एजेंसी । नई दिल्ली

रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले पर विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव का मानना है कि यह स्टार ऑफ स्पिनर घरेलू धरती पर बेहतर विदाई का हकदार था। कपिल का मानना है कि लगता है कि अश्विन किसी चीज को लेकर नाखुश थे। निराशा के भाव देखे : कपिल एक अहम सीरीज के बीच अश्विन के संन्यास लेने के कारण जानना चाहते हैं। कपिल ने गुरुवार को कहा, प्रशंसक निराश हैं लेकिन मैंने उसके चेहरे पर भी निराशा के भाव देखे। वह निराश दिख रहा था और यह दुखद है। वह इससे बेहतर और उचित विदाई का हकदार था। उन्होंने कहा, वह इंतजार कर सकता था और भारतीय धरती पर संन्यास की घोषणा कर सकता था।

# एक-दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी भारत-पाकिस्तान की टीमें

- ICC की मीटिंग में फैसला
- चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे




**सहमति**

एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर तनातनी आखिरकार खत्म हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में अपने मैच मेजबान देश पाकिस्तान के बजाय किसी तटस्थ स्थल पर खेलेगा। वहीं पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी और वह भारत में होने वाले टूर्नामेंट में अपने मैच तटस्थ स्थलों पर खेलेगा। इनमें सेमीफाइनल, फाइनल समेत नॉकआउट मुकाबले भी शामिल होंगे।

### विश्व कप पर भी लागू

यह समझौता 2028 में पाकिस्तान में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप पर भी लागू होगा। हालांकि अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने की संभावना है। टूर्नामेंट में आठ टीमें होंगी जिन्हें दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आईसीसी के अनुसार, आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है कि 2024 से 2027 तक मौजूदा चक्र (जो भारत या पाक में आयोजित किए जाने हैं) के दौरान आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सभी मैच टूर्नामेंट के मेजबान द्वारा प्रस्तावित तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 (पाक), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में लागू होगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

# अजितेष संधू संयुक्त पांचवें स्थान पर



एजेंसी । हुआ हिन

अजितेष संधू अंतिम क्षणों में डबल बोगी और बोगी करने के बावजूद एशियाई टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण के तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे संधू ने अब तक तीन दौर में 63, 70 और 68 के स्कोर से कुल 12 अंडर का स्कोर बनाया है। क्वालीफायर हुआ हिन के लेक ब्यू रिसॉर्ट एवं गोल्फ क्लब के दो कोर्स- ए एवं बी कोर्स तथा सी एवं डी कोर्स में खेले जा रहे हैं। अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर (67-73-69) और आर्यन रूपा आनंद (69-71-69) दोनों चार अंडर के स्कोर स्कोर से संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। अर्जुन शर्मा (70) संयुक्त 96वें, पुखराज सिंह गिल (71) संयुक्त 110वें, अंशुल कबटियाल (73) और एस चिकारंगप्पा (73) संयुक्त 123वें, राशिद खान (74) और हनी बैसोया (72) संयुक्त 130वें स्थान पर हैं।

## बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की आपात बैठक आज




एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव कराने के लिए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार ज्योति को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिए शुक्रवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई है।
हाल में जय शाह (सचिव) और आशीष शेलार (कोषाध्यक्ष) के हटने से दोनों पद खाली हो गए थे। अभी असम के देवजीत सैकिया बोर्ड के अंतरिम सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जबकि कोषाध्यक्ष का पद खाली है। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष का पदभार संभाला जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। निर्वाचित पदाधिकारी के इस्तीफा देने के बाद से बोर्ड के पास विशेष आम बैठक बुलाने और उनके उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 45 दिन का समय होता है। बीसीसीआई को संविधान के अनुसार चुनाव से कम से कम चार हफ्ते पहले निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करना होता है। 71 वर्ष के ज्योति 1975 बैच के गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने जुलाई 2017 से जनवरी 2018 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया था।

## अंकिता-प्रार्थना की जोड़ी सेमीफाइनल में



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

अंकिता रैना और प्रार्थना थोंबरे की जोड़ी ने गुरुवार को नवी मुंबई ओपन चैलेंज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अंकिता-प्रार्थना ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन स्मृति भासीन और श्रव्या शिवानी को आसानी से 6-1, 6-1 से पराजित किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका सामना जापान की कनाको मोरिसाकी और नाहो सातो से होगा। भारत की ही जील देसाई और रिया भाटिया की जोड़ी हमवतन सहजा और जापान की हिरोको कुवाता को 6-4, 7-6, 10-5 से हराकर अंतिम चार में पहुंची।

## पचुका को पराजित कर रियाल मैड्रिड की टीम बनी चैंपियन

- पहले सत्र के खिताबी मुकाबले में विजेता टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की

**इंटरकॉन्टिनेंटल कप**

एजेंसी । कतर

स्ट्राइकर एमबापे, विनीसियस और रोड्रिगो के गोलों की मदद से स्पेन के रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सत्र का खिताब अपने नाम कर लिया है। उसने बुधवार रात को लुसैल स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से शिकस्त देकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्रॉफियां जीतने वाले कोच बन गए।



### पहले गोल से दबाव बनाया

इस मैच में पचुका ने शुरुआत में शानदार खेल दिखाया। इसके बाद रियाल मैड्रिड के लिए फ्रांस के स्ट्राइकर एमबापे ने 37वें मिनट में पहला गोल कर पचुका पर दबाव बनाया। उसके बाद रोड्रिगो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में गोलकर स्कोर 2-0 कर दिया। फिर विनीसियस ने लेट पेनाल्टी से जरिए तीसरा गोलकर रियाल मैड्रिड की आसान जीत सुनिश्चित कर दी।

### कोच एंसेलोटी का रिकॉर्ड

रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने मिगुएल मुनोज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। जीत के बाद कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।यह एक अच्छा पल है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मैड्रिड वह क्लब है जिसे हर कोई प्रशिक्षित करना चाहता है क्योंकि यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्लब है।

## वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ का जश्न

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) अगले महीने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाएगा। उसने गुरुवार को यह घोषणा की। इस मौके पर एमसीए अधिकारियों और इसके शीर्ष परिषद के सदस्यों ने एक समारोह के दौरान यहां स्टेडियम में एक विशेष 'लोगो का अनावरण किया गया।
वर्षगांठ के दौरान 12 से 19 जनवरी तक यहां मनाए जाने वाले जश्न के दौरान अलग-अलग दिनों में कई समारोह होंगे और एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। आठ दिवसीय कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एमसीए के पूर्व अध्यक्ष तथा बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार को भी सम्मानित किया जाएगा। 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों



तथा महावाणिज्य दूत और सरकारी अधिकारियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। 19 जनवरी को अजय-अतुल द्वारा संगीत शो के साथ एक 'कॉफी टेबल बुक लॉन्च की जाएगी। अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 1974 में निर्मित वानखेड़े स्टेडियम दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक है। इससे अनेक यादें जुड़ी हुई हैं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के समारोह में आने की संभावना है, इसलिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा नहीं दी जा सकती।

# '120 बहादुर' की रिलीज डेट से उठा पर्दा

जाने-माने अभिनेता, निर्देशक और निर्माता फरहान अख्तर पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर' को लेकर चर्चा में हैं। इसके निर्देशन की कमान रजनीश रजी ने संभाली है। इस फिल्म में फरहान खुद अभिनय करने वाले हैं। अभिनेता को पर्दे पर देखने के लिए प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुआ था, वहीं अब आखिरकार निर्माताओं ने '120 बहादुर' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।





### फिल्म के निर्माता भी हैं फरहान

'120 बहादुर' को 21 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों को श्रद्धांजलि है। '120 बहादुर' भारत-चीन युद्ध पर आधारित फिल्म है, जिसमें फरहान मेजर शैतान सिंह पीवीसी के किरदार में दिखाई देंगे। फरहान फिल्म के निर्माता भी हैं। वह इसका निर्माण रितेश सिधवानी और अमित चंद्रा के साथ कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लद्दाख में चल रही है।

# 'भूत बंगला' से जुड़ीं तब्बू

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके निर्देशन की कमान प्रियदर्शन ने संभाली है। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं। दिग्गज अभिनेत्री तब्बू फिल्म 'भूत बंगला' की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। अक्षय और प्रियदर्शन के साथ यह तब्बू का दूसरा सहयोग है। इससे पहले तीनों 'हेरा फेरी' (2000) में साथ काम कर चुके हैं।



### निर्माताओं ने तब्बू से किया संपर्क

एक रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू को 'भूत बंगला' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया और उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है। तब्बू ने फिल्म के लिए हामी भर दी है। वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर देगी। इसके अलावा वामिका गब्बी भी फिल्म की कास्ट में शामिल हो गई हैं। 'भूत बंगला' में वह अक्षय की प्रेमिका का किरदार निभाएंगी।



# नई फिल्म की तैयारी में जुटे कबीर खान

जाने-माने निर्देशक कबीर खान पिछली बार फिल्म 'चंदू चैंपियन' लेकर आए थे, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आए और प्रशंसक उनकी अदाकारी के मुरीद हो गए। 'चंदू चैंपियन' की सफलता के बाद अब कबीर अपनी अगली फिल्म की तैयार में जुट गए हैं। उन्होंने अपनी आगामी फिल्म के लिए निर्माता करण जौहर से हाथ मिलाया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी एक्शन से भरपूर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कबीर अपनी अगली एक्शन फिल्म को भव्य स्तर पर बनाने जा रहे हैं। निर्देशक फिल्म में लीड होरी के लिए सलमान खान और विक्की कौशल में से किसी एक विचार कर रहे हैं। कबीर और करण ने दोनों हीरो से तारीख तय करने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सलमान और विक्की दोनों ही अभिनेता इस फिल्म में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

### गंगानगर में हिस्ट्रीशीटर की पीट-पीटकर हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के गंगानगर जिले में पुरानी रंजिश को लेकर एक हिस्ट्रीशीटर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार को मायापुरी इलाके में हुई। चूनावढ़ थाने के हिस्ट्रीशीटर कुलजीत राणा को हमलावरों ने घेर लिया और उस पर लाठी-डंडों तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कुलजीत को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बाद में हालत अधिक बिगड़ने पर उसे बीकानेर के पीबीएम सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

### समयपूर्व सेवानिवृत्ति से जुड़ा प्रस्ताव विचाराधीन नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों की समय से पहले सेवानिवृत्ति से संबंधित कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले केंद्रीय कर्मचारियों के पास केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 आदि के तहत उपलब्ध समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने का विकल्प है। सिंह से पूछा गया था कि क्या सरकार केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए समय से पहले सेवानिवृत्ति योजना और इसके कार्यान्वयन के कर्मचारियों पर प्रभाव पर विचार कर रही है।

### पंजाब में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

**गुरदासपुर।** पंजाब में फिर पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ है। गुरदासपुर की बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया गया। आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने इसकी जिम्मेदारी ली है। एक महीने के अंदर यह सातवां ग्रेनेड हमला है। इस हमले से पहले पंजाब में 25 दिनों में छह आतंकी हमले हो चुके हैं। इन सभी आतंकी हमलों में पुलिस थाने निशाने पर थे। गुरदासपुर पुलिस की टीमें पुलिस चौकी पहुंच गईं हैं। इलाके को पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया है। डॉग स्क्वायड की टीमों की सहायता से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट और बम निरोधक दस्ते ने भी जांच की है। सुरक्षा एजेंसियों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत भी जुटाए हैं।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## यूपी और हरियाणा के लिए टीमें होंगी गठित, दिए निर्देश



**एजेंसी । नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के साथ एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। प्रदूषण से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए देश के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अंतर्गत आने वाले राज्यों को आदेश दिया कि वे सभी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP-4) के तहत प्रदूषण से बचने वाले उपायों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न अधिकारियों की टीमें गठित की जानी चाहिए। इन राज्यों में एनसीआर क्षेत्र में आने वाले यूपी और हरियाणा शामिल हैं।

### एनसीआर के राज्यों को आदेश

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ये आदेश उस दौरान दिया जब एससी को बताया गया कि वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में फिर से GRAP-IV को लागू कर दिया गया है। पीठ ने निर्देश देते हुए कहा कि हम एनसीआर राज्यों को GARP- IV उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए पुलिस, राजस्व अधिकारियों की टीमों का गठन करने का निर्देश देते हैं। हम यह कहते हैं कि इस टीम में बनाए गए सदस्य इस न्यायालय के अधिकारी के रूप में काम करेंगे।

### दिल्ली के साथ इन राज्यों में पटाखों पर बैन

सुप्रीम कोर्ट ने विगत 12 दिसंबर को आदेश दिया था कि दिल्ली के साथ एनसीआर में आने वाले राज्यों में पटाकों पर बैन होगा। ये बैन उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान के उन शहरों के लिए होगा, जो एनसीआर के परिधि में आते हैं। इस बीच आज दिल्ली सरकार ने देश के शीर्ष न्यायालय को सूचित किया कि उसने दिल्ली में पटाखों पर बैन लगा दिया है। हरियाणा सरकार ने कहा कि केवल हरित पटाखों को जलाने की अनुमति होगी। राजस्थान ने कहा कि उसने एनसीआर क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। उत्तर प्रदेश ने कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का फैसला नहीं किया है।

# सुरक्षा बलों के साथ आतंकियों की मुठभेड़

### 5 आतंकी मारे गए, 2 जवान घायल

**एजेंसी । कुलगाम**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से बड़ी मुठभेड़ हो गई, जिसमें 5 आतंकी मारे गए हैं। मुठभेड़ कादर इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल के जवान सूचना के आधार पर इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जवानों से सतर्क रहने को कहा गया है। मुठभेड़ में 2 भारतीय जवान के घायल होने की सूचना है।



### चलाया गया था संयुक्त अभियान

भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर घटना की जानकारी देते हुए लिखा, 'ऑपरेशन कादर, कुलगाम। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सतर्क सैनिकों द्वारा संदिग्ध गतिविधि देखी गई और चुनौती दिए जाने पर, आतंकवादियों ने अंधाधुंध और भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी।

### हाल ही में मारा गया था एक और आतंकी

इस महीने की शुरुआत में ही आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी श्रीनगर के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। यह आतंकी अक्टूबर में कश्मीर के गगनगीर में एक सुरंग निर्माण स्थल पर हुए घातक हमले में कथित रूप से शामिल था। यह हमला तब हुआ था जब श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए एक सुरंग पर काम कर रहे 7 मजदूर काम से लौट रहे थे। आतंकियों ने सभी की हत्या कर दी थी।

# राजौरी में अज्ञात बीमारी से 8 की मौत

**एजेंसी । राजौरी**



जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। बुधवार को अस्पताल में एक बच्चे की मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। बीमारी की पहचान का खुलासा नहीं हुआ है। मरीजों की जांच बढ़ाने और बीमारी की पहचान के लिए प्रशासन ने राजौरी में एक बायो सेफ्टीलेवल 3 (BSL-3) मोबाइल प्रयोगशाला भेजी है। बीमारी की खबर से पूरे जिले में हड़कंप मचा है और लोग दहशत में हैं।

### बधाल गांव में मिल रहे मरीज

अभी तक सामने आए सभी मरीज कोटरंका तहसील के बधाल गांव के हैं। सभी मृतक गांव के 2 परिवार से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद रफीक का 12 वर्षीय बेटे अशफाक अहमद जम्मू के सरकारी अस्पताल में 6 दिन से भर्ती था। उसे चंडीगढ़ भेजा गया, लेकिन जान नहीं बची। इससे पहले अशफाक के छोटे भाई इश्तियाक (7) और बहन नाजिया (5) की पिछले गुरुवार को मौत हुई थी। किसी में बीमारी की पहचान नहीं हुई। राजौरी के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने बधाल गांव में हालात जानने के लिए सोमवार को कोटरंका का दौरा किया था। यहां 14 साल के कम उम्र के 7 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हुई है। केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की मामलों और मौतों की जांच में सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम भी गठित की गई है।

# बीआरएस अध्यक्ष केटीआर के खिलाफ एफआईआर

### राज्यपाल ने दी शिकायत दर्ज करने की अनुमति



**एजेंसी । हैदराबाद**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पिछली सरकार के दौरान हैदराबाद में फॉर्मूला-ई रेस के आयोजन में अनियमितताओं को लेकर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने हाल ही में इस मुद्दा पर केटी रामा राव के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की अनुमति दी थी।

### तेलंगाना सरकार ने राज्यपाल को लिखी थी चिट्ठी

तेलंगाना सरकार ने राज्यपाल को नवंबर में चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने इस मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर रामा राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की अनुमति मांगी थी। नगर निगम प्रशासन एसीबी से मामले की जांच करने की अपील की। इस साल की शुरुआत में सरकार ने सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना फॉर्मूला-ई रेस से संबंधित समझौते को लेकर 55 करोड़ रुपये का भुगतान करने पर एक वरिष्ठ नौकरशाह से स्पष्टीकरण मांगा था। बता दें कि केटीआर पिछले बीआरएस शासन के दौरान नगर प्रशासन मंत्री थे। उन्होंने पिछले साल हैदराबाद में रेस की मेजबानी में अहम भूमिका निभाई थी। यह रेस इस साल फरवरी में होने वाली थी, लेकिन दिसंबर 2023 में कांग्रेस सरकार के सत्ता संभालने के बाद उसे रद्द कर दिया गया।

### मुकदमों का कानूनी तौर पर सामना करेंगे : रामा राव

रामा राव ने गुरुवार को कहा कि वह अपने खिलाफ मुकदमों का कानूनी तौर पर सामना करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर आधारहीन आरोप लगाने का आरोप लगाया है। बीआरएस ने कहा कि पिछली सरकार ने तेलंगाना को लाभ पहुंचाने के लिए फॉर्मूला-ई रेस के आयोजकों के साथ एक समझौता किया था।

# कोलकाता एयरपोर्ट के सौ साल पूरे



### 21 दिसंबर को शताब्दी समारोह

**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता के दमदम स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएससीबीआई एयरपोर्ट) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर चुका है। यह हवाई अड्डा न केवल भारत की विमानन यात्रा का साक्षी रहा है बल्कि इसे प्रगति, कनेक्टिविटी और दृढ़ता का प्रतीक भी माना जाता है। हवाई अड्डा के प्रवक्ता राजेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि 1924 में दमदम एयरपोर्ट के रूप में स्थापित इस हवाई अड्डे ने 1929 में बंगाल फ्लाइंग क्लब की मेजबानी कर भारतीय विमानन क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। 1964 में यह जेट सेवा का प्रमुख केंद्र बना और 1975 में पहला समर्पित एयरलाइन कार्गो टर्मिनल खोला गया। 1995 में इसका नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया और 2013 में यहां नए एकीकृत टर्मिनल का उद्घाटन हुआ, जो विरासत और नवाचार का अनूठा मिश्रण है।

# आईआईटी छात्रा से रेप मामले में फंसे एसीपी मोहसिन को राहत

### हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**एजेंसी । प्रयागराज**

आईआईटी कानपुर की छात्रा से रेप के मामले में फंसे एसीपी मोहसिन खान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। गुरुवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच में इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। जस्टिस सांगवान और जस्टिस इदरीसी ने एसीपी मोहसिन खान को राहत देते उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में अग्रिम कार्रवाई विवेचना न किए जाने का आदेश दिया।

### क्या है मामला ?



बतादें कि कानपुर जिले के कलक्टरगंज में तैनात रहे एसीपी मोहसिन खान पर आईआईटी कानपुर की छात्रा ने रेप का आरोप लगाया था। छात्रा हिंदू है और वह पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। घटना के दौरान छात्रा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से पीएचडी कर रही थी। एसीपी (सहायक पुलिस उपायुक्त) मोहसिन खान भी आईआईटी से साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एंड साइबर क्रिमिनोलॉजी पर पीएचडी कर रहे हैं। इस दौरान दोनों के बीच मेल-मिलाप बढ़ा। छात्रा ने पुलिस को बताया था कि मोहसिन ने पहले बगैर शादीशुदा बताकर दोस्ती की, फिर विवाह का झांसा देकर संबंध बनाए। शादी का खुलासा होने पर छात्रा ने रिश्ते खत्म करने को कहा तो एसीपी ने कहा कि उनका पत्नी के साथ तलाक का मामला चल रहा है। तलाक फाइनल होने पर शादी कर लेंगे। इसके बाद पीड़िता ने रेप का आरोप लगाते हुए कल्याणपुर थाने में तहरीर दी।

# आरजी कर रेप-मर्डर केस में नई याचिका दायर




**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर रेप-मर्डर केस में पीड़ित डॉक्टर के माता-पिता ने CBI जांच पर भरोसा न होने की बात कही है। पीड़ित परिवार ने हाईकोर्ट में नई याचिका दायर की है। परिवार ने इसमें सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया है। साथ ही जांच की गति पर चिंता जताई है। याचिका जस्टिस तीर्थंकर घोष की बेंच में दायर की गई, जिसे सुनवाई के लिए लिस्ट किया गया है। इस पर अगले सप्ताह सुनवाई होने की उम्मीद जताई गई है।

# असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

### हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

**एजेंसी । गुवाहाटी**

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन 'प्रगति' के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है।

गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी ऑपरेशन 'प्रगति' तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है। इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मु. अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मु. साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है।



### बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड

उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे। उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाकें में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था। उन्होंने बतायाकि गिरफ्तार नूर इस्लाम मंडल पहले भी एक मामले में गिरफ्तार हुआ था और जमानत पर बाहर था। वह अन्य आरोपितों के साथ मिलकर युवाओं को आतंकी संगठनों से जोड़ने का प्रयास कर रहा था।

# डल्लेवाल जननेता, उनका स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता- सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पिछले 21 दिनों से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को 'जननेता बताते हुए पंजाब सरकार को उनका अनशन तोड़ने के लिए मजबूर किए बगैर चिकित्सा सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार के अधिकारियों से कहा कि 'यदि डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं तो इसके वैकल्पिक तरीके खोजें क्योंकि उनकी स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देने सहित किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में किसान नेता डल्लेवाल पंजाब-हरियाणा के खनौरी बार्ड पर आमरण अनशन कर रहे हैं।



### पंजाब सरकार के अधिकारियों को आड़े हाथ

जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने डल्लेवाल की स्वास्थ्य जांच के लिए समुचित प्रयास नहीं करने के लिए पंजाब सरकार के अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। जस्टिस सूर्यकांत ने पंजाब सरकार के अधिकारियों से 'डल्लेवाल को अनशन तोड़ने के लिए मजबूर किए बिना, उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मुहैया की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह से किसान नेता डल्लेवाल की मेडिकल जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया और कहा कि शुक्रवार साढ़े 12 बजे मामले की दोबारा सुनवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी ने किंग चार्ल्स से की बातचीत

### दोनों ने संबंधों को मजबूत करने की दोहराई प्रतिबद्धता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स से बात की और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने ऐतिहासिक संबंधों पर विचार किया और कई क्षेत्रों में गहन सहयोग को बढ़ावा देने के अपने साझा लक्ष्य पर जोर दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो एक आधिकारिक बयान के अनुसार द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला रही है।



### बातचीत को लेकर पीएम ने एक्स पर किया पोस्ट

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के साथ बात करना खुशी की बात रही। हमने भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। राष्ट्रमंडल, जलवायु कार्रवाई और स्थिरता सहित आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।'

# बस मार्शलों ने केजरीवाल से मिलने का समय मांगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लंबे समय से अपने रोजगार को लेकर प्रदर्शन कर रहे पूर्व बस मार्शलों ने गुरुवार को एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा है कि पिछले 14 महीने से संघर्ष कर रहे बेरोजगार मार्शलों में आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ जबरदस्त रोष है। आंदोलन कर रहे मुकेश पाल सिंह का कहना है अगर आप पार्टी के मुखिया ने यथाशीघ्र मुलाकात करने के लिए समय नहीं दिया तो दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्र में हम उनसे सवाल पूछेंगे। इससे पहले गुरुवार को मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में रैली कर रहे विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को मुकेश पाल सिंह ने रोक कर बस मार्शलों के मुद्दे पर बात की और कहा कि आप पार्टी बोलती है कि उपराज्यपाल ने बस मार्शलों को रोजगार से हटाकर बेघर किया है तो उनकी पार्टी उपराज्यपाल के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठा रही है।

